मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 284
सोमवार, 04 मई 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## दिल्ली के विवेक विहार इलाके में आग का तांडव, 9 लोगों की जलकर मौत



**नई दिल्ली, 03 मई।** दिल्ली के विवेक विहार इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने की वजह से गई है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें से दो लोग घायल हैं।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 3:30 बजे इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से एसी का कंप्रेसर फट गया, जिससे आग ने तेजी से पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

दमकल अधिकारी मुकेश वर्मा के मुताबिक, सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। रेस्क्यू के दौरान सबसे बड़ी बाधा खिड़कियों पर लगी मजबूत लोहे की ग्रिल और जालियां बनीं। इसके अलावा, इमारत में इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाले दरवाजे लगे थे, जो बिजली कटने या हादसे के वक्त खुले ही नहीं। सीढ़ियां संकरी होने और पीछे की ओर से बाहर निकलने का रास्ता न होने के कारण लोग अंदर ही फंस गए।

दमकल विभाग ने इमारत की अलग-अलग मंजिलों से 9 शव बरामद किए हैं, जो बुरी तरह जल चुके थे। सुरक्षित निकाले गए लोगों में से एक व्यक्ति 30% तक झुलस गया है, जिसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम मामले की जांच कर रही है और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स भी आग लगने के सही कारणों का पता लगा रहे हैं।

## ईरान का आखिरी दांव: ट्रंप को भेजा नया ऑफर, कहा- 30 दिन में युद्ध खत्म कर देंगे

**ईरान।** ईरान ने अमेरिका को भेजे नवीनतम प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध के लिए जिम्मेदार मुद्दों को 30 दिनों के भीतर सुलझाने का आह्वान किया है। उसने कहा कि इसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त करना है। ईरानी सरकार से जुड़ी मीडिया ने यह खबर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान के एक नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने ईरान के साथ कोई समझौता होने की संभावना पर संदेह भी जताया। ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों से घनिष्ठ संबंध रखने वाली अर्ध-सरकारी 'नूर न्यूज एजेंसी'ने खबर दी कि खाड़ी देश की ओर से भेजे गए 14 सूत्री प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। उसने बताया कि अमेरिका की नौ सूत्री योजना के जवाब में दिए गए इस प्रस्ताव में अमेरिका से ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, क्षेत्र से सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों सहित सभी प्रकार की शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट से राहत के बाद पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत



**नई दिल्ली, 03 मई।** सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संविधान और न्यायपालिका के प्रति अपना अटूट विश्वास दोहराया। यह पूरा मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े कथित मानहानि और जालसाजी के आरोपों से संबंधित है, जिसमें कोर्ट ने खेड़ा को बड़ी राहत दी है।

अग्रिम जमानत मिलने के बाद जब पवन खेड़ा दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, तो वहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने इस फैसले को 'संविधान की जीत' बताया। खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब भी सरकार अपनी मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर किसी नागरिक के अधिकारों को दबाने की कोशिश करती है, तब बाबा साहब का बनाया संविधान ही रक्षा कवच बनकर सामने आता है।

जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में यह मामला 'राजनीति से प्रेरित' और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से प्रभावित लगता है। अदालत ने माना कि इस मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के उस फैसले को भी त्रुटिपूर्ण बताया, जिसमें खेड़ा की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को जांच में पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। जमानत की मुख्य शर्तों में, पुलिस जब भी बुलाएगी, उन्हें जांच के लिए पेश होना होगा। वे गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेंगे और बिना अदालत की अनुमति के वे देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे, शामिल हैं।

यह मामला पवन खेड़ा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा पर लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मानहानि और जालसाजी की।

## हॉर्मुज में भारत की बड़ी कामयाबी: अमेरिकी चक्रव्यूह तोड़ निकला सर्व शक्ति टैंकर, ईरान की मदद से पूरा किया खतरनाक सफर




**नई दिल्ली, 03 मई।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। भारत से जुड़ा एलपीजी टैंकर Sarva Shakti सफलतापूर्वक होर्मुज को पार कर चुका है। यह जहाज करीब 45,000 टन एलपीजी (रसोई गैस) लेकर भारत की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार यह टैंकर ईरान के छंश्' क्र'ल्लाऔर दीर्' क्र'ल्ला के पास से गुजरते हुए ओमान की खाड़ी में पहुंचा। इस जहाज पर 18 भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद हैं और यह विशाखापत्तनम के एक बड़े टर्मिनल की ओर जा रहा है।

खास बात यह है कि इसने ईरान द्वारा तय किए गए सुरक्षित मार्ग का पालन करते हुए यह मुश्किल सफर पूरा किया। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका की नाकेबंदी के बाद यह भारत से जुड़ा पहला टैंकर है जो इस संवेदनशील जलमार्ग से सफलतापूर्वक गुजर पाया है। इससे पहले यहां जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्गो का खरीदार Indian Oil Corporation है, हालांकि कंपनी ने इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। भारत इस समय ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। मिडिल ईस्ट से सप्लाई बाधित होने के कारण एलपीजी की कमी, लंबी कतारें और सीमित आपूर्ति की समस्या सामने आई है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता है, इसलिए यह पारगमन बेहद अहम माना जा रहा है। इससे पहले अप्रैल में हालात तब बिगड़ गए थे जब ईरान ने जहाजों पर फायरिंग की, जिससे कई टैंकरों को वापस लौटना पड़ा।

## दिल्ली, यूपी, राजस्थान में अगले 48 घंटे भारी, तेज हवाओं के साथ ओले गिरने की आशंका



**नई दिल्ली, 03 मई।** देशभर में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। एक नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई राज्यों में आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा और पंजाब समेत कई इलाकों में रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे और झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में आज और कल (4 मई) के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। दोपहर में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना है। वहीं, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अयोध्या और कानपुर समेत 26 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं ओले गिरने और बिजली कड़कने की भी आशंका जताई गई है।

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज काफी सख्त बना हुआ है। देहरादून में सुबह तेज बारिश की वजह से अंधेरा छा गया, जबकि उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे पर पानी का बहाव बढ़ने से अफरा-तफरी मच गई। हिमाचल के 10 जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

मध्य प्रदेश के भोपाल और ग्वालियर समेत 27 जिलों में 6 मई तक बारिश और आंधी का अनुमान है। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में शनिवार को आए तेज तूफान से काफी नुकसान हुआ, जहां सैकड़ों पेड़ गिर गए।

रविवार सुबह भी राज्य के 11 जिलों में बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई।

एक तरफ जहां उत्तर और मध्य भारत में बारिश हो रही है, वहीं महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अब भी सूरज की तपिश बरकरार है। महाराष्ट्र का वर्धा जिला सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों में देश के अन्य हिस्सों में भी मौसमी गतिविधियां सक्रिय रहेंगी।

## केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का किया शुभारंभ




**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सुझाव एवं मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से विकसित सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का शुभारंभ किया।

इस अत्याधुनिक प्रणाली के माध्यम से आपदा, आपातकालीन स्थिति तथा जनसुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे नागरिकों के मोबाइल फोन पर त्वरित रूप से प्रेषित की जा सकेंगी।

इसी क्रम में आज देशभर में इस प्रणाली का सफल परीक्षण भी किया गया। परीक्षण के दौरान नागरिकों के मोबाइल फोन पर बीप ध्वनि के साथ इमरजेंसी अलर्ट संदेश प्रदर्शित हुआ। यह पहल भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं, गंभीर मौसम परिस्थितियों तथा अन्य आपात स्थितियों के दौरान त्वरित और प्रभावी सूचना प्रसारण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लगातार तीसरी जीत के बाद गदगद नजर आए रहाणे, ब्रावो और साउथी को दिया श्रेय



**नई दिल्ली, 03 मई।** आईपीएल 2026 में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से शिकस्त दी। पैट कमिंस की कप्तानी वाली हैदराबाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। ट्रेविस हेड ने 28 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। वहीं ईशान किशन ने 42 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती ने 3 और सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए।

166 रन के टारगेट को कोलकाता ने 19वें ओवर में ही चेज कर लिया। अंगकृष रघुवंशी (59) ने फिफ्ट लगाई। पहले 5 मैच में हार के बाद कोलकाता ने इस सीजन जीत की हैट्रिक लगाई। जीत के बाद केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे काफी खुश नजर आए। उन्होंने स्पिनर्स के सथ ही ड्वेन ब्रावो और टिम साउथी को जीत का श्रेय दिया।

अजिंक्य रहाणे ने कहा, बहुत ही शानदार मैच था। जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वो कमाल था। लग रहा था कि हैदराबाद 190-200 रन बना लेगी। विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था। 190-200 रन चेज करना चुनौतीपूर्ण होता। हमारी गेंदबाजी और स्पिनरों को श्रेय जाता है। उन्होंने लगातार विकेट लिए। जीत से बहुत खुश हूं।

केकेआर के कप्तान ने कहा, पिछले 5-6 मैचों में हमारी गेंदबाजी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हमारे गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो और टिम साउथी को भी श्रेय जाता है। प्रैक्टिस के दौरान बहुत बातें हुईं। बहुत सारे प्लान बनाए। हमें एक अच्छा ब्रेक मिला। इससे हमें तरोताजा होने में मदद मिली।

TIWARI'S SARASWATI CLASSES
Since 1992
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
✓ 34+ Years of Academic Excellence
✓ Experienced & Dedicated Faculty
✓ Personal Attention
✓ Printed Notes & Regular Tests
✓ Strong Foundation for Boards & Competitive Exams
Santacruz Branch
101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai-400055
Sion Branch
Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai
Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
• Std. XI & XII (Sci.)
• MHT-CET
• NEET
• Polytechnic & Engg
• JEE (Main & Advance)
• Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# बदलती जलवायु का संकट और उसका प्रभाव



- महेन्द्र तिवारी

जलवायु संकट आज मानव सभ्यता के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। यह संकट धीरे धीरे नहीं बल्कि तेजी से गहराता जा रहा है और इसके प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वैश्विक स्तर पर तापमान में वृद्धि, वर्षा के पैटर्न में बदलाव, सूखा और बाढ़ जैसी चरम घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति इस संकट की गंभीरता को दर्शाती हैं। इस पूरे परिदृश्य में एल नीनो जैसी प्राकृतिक घटना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो समुद्री तापमान में बदलाव के कारण वैश्विक मौसम प्रणाली को प्रभावित करती है और कई देशों के लिए गंभीर परिणाम लेकर आती है।

एल नीनो एक ऐसी जलवायु प्रक्रिया है जो सामान्यतः 2 से 7 वर्षों के अंतराल पर उत्पन्न होती है और प्रशांत महासागर के मध्य तथा पूर्वी हिस्से के जल को सामान्य से अधिक गर्म कर देती है। इस गर्माहट का प्रभाव केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह वायुमंडलीय परिसंचरण को भी प्रभावित करता है, जिससे पूरी दुनिया के मौसम में असामान्य परिवर्तन देखने को मिलते हैं। भारत जैसे देशों में इसका सबसे बड़ा प्रभाव मानसून पर पड़ता है, जो कृषि और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

आंकड़ों के अनुसार 1980 के बाद से लगभग 70 प्रतिशत एल नीनो वर्षों में भारत में कमजोर मानसून दर्ज किया गया है, जिससे वर्षा में कमी देखी गई है। यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि एल नीनो और मानसून के बीच गहरा संबंध है। जब मानसून कमजोर होता है तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन पर पड़ता है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत कृषि भूमि वर्षा पर निर्भर है, इसलिए थोड़ी सी भी कमी खाद्यान्न उत्पादन को प्रभावित कर सकती है।

2026 में भी इसी तरह की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा हो सकती है, जिससे खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यदि वर्षा में कमी आती है तो धान, दाल और तिलहन जैसी फसलों का उत्पादन घट सकता है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि होगी और महंगाई बढ़ेगी। यह प्रभाव केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे समाज पर पड़ेगा।

तापमान के संदर्भ में भी स्थिति चिंताजनक है। 2026 में भारत के कई हिस्सों में तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जो सामान्य से काफी अधिक है। यह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हो रही है। शहरी क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि वहां कंक्रीट संरचनाएं गर्मी को अधिक समय तक बनाए रखती हैं।

जल संकट भी इस पूरे परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब वर्षा कम होती है तो जलाशयों में पानी का स्तर घट जाता है, जिससे पेयजल और सिंचाई दोनों प्रभावित होते हैं। कई शहरों में पहले से ही पानी की कमी की समस्या है और एल नीनो जैसी घटनाएं इसे और बढ़ा सकती हैं। उदाहरण के लिए कुछ क्षेत्रों में जलाशयों की क्षमता का केवल लगभग 28 प्रतिशत पानी ही उपलब्ध है, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है ।

वैश्विक स्तर पर भी इसके प्रभाव कम नहीं हैं। एशिया में तापमान बढ़ने से बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है क्योंकि लोग ठंडक के लिए अधिक ऊर्जा का उपयोग करते हैं। इससे ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार एशिया में वैश्विक बिजली मांग का आधे से अधिक हिस्सा है और तापमान में वृद्धि से इस मांग में और वृद्धि होगी । दूसरी ओर, कुछ क्षेत्रों में अधिक वर्षा और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे वहां के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचता है।

एल नीनो के कारण मौसम में असंतुलन केवल वर्षा की कमी तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह वर्षा के वितरण को भी प्रभावित करता है। कहीं अत्यधिक बारिश होती है तो कहीं बिल्कुल नहीं होती। इस प्रकार की असमानता कृषि और जल प्रबंधन दोनों के लिए चुनौती पैदा करती है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दशकों में चरम वर्षा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है, जो जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर और अधिक गंभीर हो रही हैं।

जलवायु परिवर्तन और एल नीनो का संयुक्त प्रभाव इस संकट को और जटिल बना देता है। जहां एल नीनो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, वहीं जलवायु परिवर्तन मानव गतिविधियों का परिणाम है। औद्योगीकरण, वनों की कटाई और जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ा दी है, जिससे पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जब यह बढ़ता तापमान एल नीनो जैसी घटनाओं के साथ मिल जाता है तो इसके प्रभाव और भी तीव्र हो जाते हैं।

आर्थिक दृष्टि से भी यह संकट गहरा असर डालता है। कमजोर मानसून के कारण कृषि उत्पादन घटता है, जिससे ग्रामीण आय में कमी आती है और मांग घटती है। इसके साथ ही खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ती है। विशेषज्ञों का मानना है कि कमजोर मानसून और जलवायु परिवर्तन का संयुक्त प्रभाव आर्थिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है और सामाजिक असमानताओं को बढ़ा सकता है।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक प्रभावित वे लोग होते हैं जो पहले से ही कमजोर स्थिति में हैं, जैसे छोटे किसान, मजदूर और गरीब वर्ग। उनके पास संसाधनों की कमी होती है और वे प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने में सक्षम नहीं होते। इसलिए जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी मुद्दा है।

समाधान के संदर्भ में यह आवश्यक है कि वैश्विक और स्थानीय स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना, जल संरक्षण के उपाय अपनाना, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना और वनों की रक्षा करना ऐसे कदम हैं जो इस संकट को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही मौसम पूवार्नुमान प्रणाली को मजबूत करना और आपदा प्रबंधन की तैयारी को बेहतर बनाना भी जरूरी है।

अंततः यह स्पष्ट है कि जलवायु संकट एक बहुआयामी समस्या है, जिसमें प्राकृतिक और मानव दोनों कारक शामिल हैं। एल नीनो जैसी घटनाएं इस संकट को और अधिक जटिल बना देती हैं, लेकिन यह भी सच है कि यदि समय रहते उचित कदम उठाए जाएं तो इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस समस्या को गंभीरता से समझें और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से एक संतुलित और सुरक्षित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ें।

# देश भर में लगातार बढ़ रहे तापमान की वजह से गर्मी का सितम जारी है



अशोक भाटिया

मैदानी इलाकों में इस बार चुभने वाली गर्मी महसूस हो रही है। सूरज की किरणें इतनी तीखी लग रही हैं जितनी पहले नहीं लगती थीं। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने भी चेतावनी दी है कि इस साल मैदानी इलाकों सहित पहाड़ी इलाकों में भी गर्मी सामान्य से अधिक पड़ेगी। भारतीय मौसम विभाग की मंथली रिपोर्ट देखें तो पता चलता है कि, जलवायु संकट के कारण देश में अब हर मौसम प्रभावित हो रहा है। अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में से 92 भारत के हैं। अदक्राल्ल के अनुसार, टॉप के 20 सबसे गर्म स्थानों में से 19 भारत में हैं, जहां तापमान अप्रैल में ही 45त्ञ से ऊपर जा रहा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो भारत का 55 प्रतिशत हिस्सा गर्मी के हाई हीट रिस्क जोन में आ चुका है। भारत के अलावा, विश्व के सबसे गर्म देशों की सूची में अक्सर माली, बुर्किना फासो, सेनेगल, कुवैत और इराक जैसे खाड़ी देश शामिल होते हैं, लेकिन वर्तमान में भारत सबसे ज्यादा प्रभावित है। अगर दुनिया की स्थिति पर गौर करें तो पिछले करीब डेढ़ दशक से दुनिया का सामान्य तापमान एक डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया है। 2026 पर गौर करें तो दुनिया में नॉर्मल से 1।44 डिग्री अधिक तापमान बढ़ा है। अगले साल यानी 2027 में गर्मी प्रचंड रूप में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी।

ऐसे में सवाल उठता है कि भारत में इस साल आखिर इतनी गर्मी क्यों पड़ रही है? देश में बढ़ती गर्मी यानी हीट वेव की वजह हीट डोम, कमजोर पश्चिमी विक्षोभ और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। हीट डोम गर्म हवा को जमीन के पास कैद कर रहा है और इसकी वजह से वायुमंडल में उच्च दबाव के कारण एक 'अदृश्य ढक्कन' बन गया है, जो गर्म हवा को ऊपर उठने से रोककर जमीन के करीब ही कैद कर रहा है, जिससे तापमान में भारी वृद्धि हो रही है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारण हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता बहुत बढ़ गई है।

इसके कारण शहरों में कंक्रीट की इमारतें और सड़कें दिन भर गर्मी सोखती हैं और रात में छोड़ती हैं, जिससे रातें भी गर्म हो रही हैं। वृक्षों की कमी और गिरते भूजल स्तर के कारण नमी कम हो गई है, जिससे शुष्क गर्मी का प्रभाव बढ़ गया है।साथ ही जलवायु परिवर्तन भी बड़ी वजह है, जिसमें अल नीनो का प्रभाव और शहरों में कंक्रीट के बढ़ते उपयोग (अर्बन हीट आइलैंड) से तापमान के पार जा रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने दिया है और चेतावनी दी है कि अल-नीनो-ला नीना अब जलवायु संकट के साथ मिलकर मौसम पैटर्न में बदलाव ला रहे हैं। NOAA और ECMWF ने कहा कि संभावना है कि जून-अगस्त 2026 में अल-नीनो 62 प्रतिशत ज्यादा बनेगा। फिर यह अगस्त से अक्टूबर तक 80 फीसदी तक बढ़ सकता है।

सबसे गर्म शहरों की बात करें तो बिहार का भागलपुर, ओडिशा का तालचेर, पश्चिम बंगाल के आसनसोल में तापमान 44°C से 45°C तक दर्ज किया गया है। एनवायरनमेंट एंड वॉटर (CEEW) की 2025 जिला-स्तरीय रिपोर्ट कहती है कि भारत के 734 जिलों में से 417 जिले यानी आधे से ज्यादा जिले हाई या वेरी हाई हीट रिस्क जोन में हैं। वर्तमान में भारत के कई बड़े शहर इस अदृश्य गुंबद के नीचे तप रहे हैं। उत्तर भारत में दिल्ली, कानपुर, बांदा और लखनऊ जैसे शहर आग की लपेट में हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में भीषण गर्मी का प्रकोप है। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में अकोला, अमरावती और वर्धा जैसे जिलों में पारा 45 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। वहीं राजस्थान और तेलंगाना में भी स्थिति भयावह है। गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के इन शहरों का तापमान वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक दर्ज किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल इंसानों बल्कि फसलों और पशुओं के लिए भी काल बन रही है।

मौसम विभाग ने अन्य कई राज्यों में भीषण लू की चेतावनी भी जारी की है। बदलते मौसम पैटर्न के मुताबिक दिन में गर्मी तो रहती ही है, रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है, इसे वार्म नाइट्स कहते हैं। जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 6।4 डिग्री से ज्यादा हो तो इसे 'सीवियर वार्म नाइट' कहा जाता है और यही वजह है कि रातें ज्यादा गर्म हो रही हैं।

मेडिकल एक्सपर्ट्स कहते हैं कि दिन में गर्मी पड़ती है तो रात में शरीर ठंडा होकर रिकवर करता है, लेकिन गर्म रातों में यह राहत नहीं मिलती, इससे डिहाइड्रेशन, नींद खराब होना, हाई ब्लड प्रेशर, थकान, चिड़चिड़ापन और हीट-स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता दें कि साल 1998-2017 के बीच दुनिया में 1.66 लाख लोगों की मौत हीटवेव से हुई थी। भारत में 2023 में 48,000 हीटस्ट्रोक केस और 159 मौतें दर्ज हुईं। CSE रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक भारत में ग्लोबल वार्मिंग से 5/8 प्रतिशत वर्किंग ऑवर्स गंवाने का अनुमान है। 2015-2100 के बीच एक 2025 मॉडलिंग स्टडी के अनुसार, गर्म रातें हर दशक में 10 से 13 दिन बढ़ सकती हैं और कंपाउंड हीटवेव और आम होंगे।बढ़ते तापमान के कारण हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ अर्थशास्त्री और स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि, यह भीषण गर्मी सिर्फ तापमान ही नहीं बढ़ाएगी बल्कि यह आर्थिक विकास को धीमा करेगी, उत्पादकता घटाएगी और मेडिकल खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ा देगी।

इसके अलावा हीट डोम को समझने के लिए आप एक प्रेशर कुकर या ढक्कन लगे बर्तन की कल्पना कीजिए। मौसम विज्ञान के अनुसार, जब ऊपरी वायुमंडल में उच्च दबाव का एक बहुत बड़ा क्षेत्र बन जाता है, तो वह किसी ढक्कन की तरह काम करने लगता है। सामान्य तौर पर सूरज की रोशनी से गर्म होकर हवा ऊपर उठती है और ठंडी हो जाती है, जिससे बादल बनते हैं या तापमान संतुलित रहता है। लेकिन हीट डोम की स्थिति में उच्च दबाव वाली हवा नीचे की ओर उतरती है और सतह की गर्म हवा को ऊपर नहीं उठने देती है। यह प्रक्रिया गर्म हवा को एक गुंबद की तरह एक ही जगह पर कैद कर लेती है, जिससे तापमान लगातार बढ़ता ही चला जाता है।

जब यह गर्म हवा गुंबद के अंदर फंस जाती है, तो सूरज की किरणें इसे और ज्यादा तपाती रहती हैं। चूंकि हवा बाहर नहीं निकल पाती और न ही ठंडी हवा अंदर आ पाती है, इसलिए उस पूरे इलाके में गर्मी जमा होती रहती है। समुद्र के ऊपर गर्म हवा का बनना और उच्च दबाव द्वारा उसे नीचे धकेलना इस प्रक्रिया को और ज्यादा हिंसक बना देता है। यही कारण है कि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर मध्य प्रदेश और राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों तक में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यहां तक कि रात के समय भी पारा नीचे नहीं गिर रहा है, जिससे लोगों को चौबीसों घंटे राहत नहीं मिल पा रही है।

अक्सर लोग हीटवेव (लू) और हीट डोम को एक ही समझ लेते हैं, लेकिन इनमें तकनीकी अंतर है। हीटवेव आमतौर पर कुछ दिनों की मौसमी घटना होती है, जो हवाओं के रुख के साथ बदल सकती है। वहीं, हीट डोम एक बहुत बड़े भौगोलिक क्षेत्र को अपनी चपेट में लेता है और लंबे समय तक वहां गर्मी को ट्रैप यानी कैद करके रखता है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) के मुताबिक, जब मजबूत उच्च दबाव वाली स्थितियां एक ही जगह स्थिर हो जाती हैं, तो वह हीट डोम का रूप ले लेती हैं। यह हीटवेव के मुकाबले कहीं अधिक स्थिर और विनाशकारी होता है, क्योंकि यह जल्दी खत्म नहीं होता है।

हीट डोम को विशेषज्ञों ने साइलेंट किलर का नाम दिया है। यह इंसान के शरीर को धीरे-धीरे अंदर से खोखला करता है। जब तापमान 45 डिग्री के पार जाता है और हीट इंडेक्स (महसूस होने वाली गर्मी) 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, तो शरीर का कूलिंग सिस्टम फेल होने लगता है। इससे हीट स्ट्रोक, गंभीर डिहाइड्रेशन, किडनी फेलियर और हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। खासकर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और चिलचिलाती धूप में काम करने वाले मजदूरों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित होती है। रात में भी ठंडक न मिलने के कारण शरीर की रिकवरी नहीं हो पाती, जो मानसिक तनाव और शारीरिक थकान को कई गुना बढ़ा देती है।

हीट डोम का असर सिर्फ अस्पताल की कतारों तक सीमित नहीं है। यह भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को भी गहरी चोट पहुंचा रहा है। भीषण तापमान के कारण खेतों में खड़ी फसलें समय से पहले सूख रही हैं, जिससे पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। इसके साथ ही जल संकट भी गहराता जा रहा है क्योंकि झीलों और नदियों का पानी तेजी से वाष्पित हो रहा है। भारत में मानसून से पहले यानी मार्च से जून के बीच हीट डोम बनने की आवृत्ति पिछले कुछ दशकों में तेजी से बढ़ी है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब ये घटनाएं अधिक समय तक टिकने वाली और अधिक विनाशकारी होती जा रही हैं।

# स्वावलंबन एवं स्व-रोजगार बेहतर विकल्प



संजीव ठाकुर

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार रोजगार की तलाश राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

# # Minab168: महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत



-तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा गत 28 फरवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई,अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फरवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनकाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज उठाने को मजबूर किया।

याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मकसद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस # द्रल्लुं 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ,ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # द्रल्लुं 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौका था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज से बेनकाब किया था। # द्रल्लुं 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाकात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ तौर पर इसे गैर जिम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की भयानक गलती भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने ₹हैंड्स ऑफ ईरान₹ के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी जोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्त्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में 'युद्धापराध' अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो 'युद्धापराध ' अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमेरिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहाँ लाखों लोगों की हत्यायें की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहाँ न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गये थे। इसी तरह 2003 के ईराक युद्ध के दौरान अबूगरेब जेल में कैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं। इसी तरह अफगानिस्तान में भी नागरिक हत्या,बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज पर इस्त्राईल भी लेबनॉन,पश्चिमी किनारे व गजा के इलाकों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकट्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाये उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्त्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है।

परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस कद्र गूँज रही हैं कि मानवीय हृदय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाये। तभी ट्रंप प्रशासन इस घटना से पल्ला झाड़ने की असफल कोशिश करता भी दिखाई देता है। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि मिनाब स्कूल हमले की वजह से और ईरान युद्ध नीति के चलते ही अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता नकारात्मक 20-23% तक गिर गई है। इसी तरह के विरोध के चलते ट्रंप ने अपने कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया जबकि कई ने इस्तीफा देकर अपनी इज्जत बचने में ही अपनी भलाई समझी। कहना गलत नहीं होगा कि मासूमों की शहादत को याद दिलाने वाला प्रतीक # Minab168: पूरे विश्व में नरसंहार की इबारत लिखने वाली महाशक्ति को बेनकाब कर छोड़ेगा तथा इसके पतन का कारण भी बनेगा।

# प्रोपेगंडा के रूप में सिनेमा

1920 के दशक में चलचित्रों के आगमन से लेकर आज के ओ.टी.टी. तक, गतिशील छवि पीढ़ियों से एक विलक्षण स्थिरांक बनी हुई है और विस्तार से कहें तो, यह अब तक का सबसे शक्तिशाली जन-प्रभाव उपकरण है। एक सदी से अधिक समय से, जहां अन्य माध्यमों का उदय हुआ और वे पतन की ओर गए, वहीं सिनेमा का पर्दा परिवारों और युवाओं दोनों को अपने मोह में बांधे हुए है, एक सांझा अनुष्ठान जो मात्र पलायनवाद से परे है। पहली बार, एक विचार को, चाहे वह कितना भी राजनीतिक क्यों न हो, एक मानवीय चेहरा, एक उत्साहवर्धक संगीत और एक कथा चाप दिया जा सकता था, जो निर्देश नहीं, बल्कि जीवंत अनुभव जैसा महसूस होता था। एक प्रचारक अब सहानुभूति को हथियार बना सकता था, एक मनगढ़ंत वास्तविकता को मूर्त रूप देने के लिए काल्पनिक पात्रों का निर्माण कर सकता था, जिससे एक अमूर्त विचारधारा एक सहज सच्चाई की तरह महसूस हो।

जब अन्यत्र तकनीकी नवाचारों की खोज की जा रही थी, तब एडोल्फ हिटलर और उनके प्रोपेगंडा मंत्री जोसेफ गोएबल्स, उन पहले लोगों में से थे, जिन्होंने वास्तव में यह समझा कि फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि राज्य के लिए एक केंद्रीय तंत्रिका तंत्र है। नाजी रीच मिनिस्ट्री फॉर पब्लिक एनलाइटेनमैंट एंड प्रोपेगंडा के भीतर एक सम?पत फिल्म विभाग-रीच चैंबर ऑफ फिल्म, जिसे संक्षिप्त में आर.एफ.के. कहा जाता है, की स्थापना ने यह माना कि एक राष्ट्रवादी विचार, जिसे सिनेमा की भावनात्मक भव्यता में प्रस्तुत किया जाता है, वह ता?कक आलोचना को दरकिनार करके सीधे जनता की आत्मा में स्थापित हो सकता है। नाजी मशीन से लड़ने वाले मित्र राष्ट्रों ने भी इस उपकरण की उपयोगिता को अपने लिए पहचाना। शीत युद्ध में जकड़े सोवियत और अमरीकियों ने इस तकनीक के लाभों को बस विभाजित कर लिया और सेल्युलाइड के माध्यम से एक द्विआधारी दुनिया का निर्माण किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की सरल, भयावह छवियां बनाईं। अमरीकी सिनेमा में, कम्युनिस्ट घुसपैठ के डर को एक एलियन आक्रमण की कथा के रूप में छिपाया गया था, जबकि सोवियत फिल्मों ने समाजवादी सद्गुण के एक संकेतक के रूप में सामूहिक तकनीकी प्रगति का बखान किया। अमरीका में, संस्कृति और राज्य-कौशल के इस भाईचारे को एक औद्योगिक कला रूप में पूर्ण किया गया जिसे दुनिया हॉलीवुड के नाम से जानती है। अनगिनत ब्लॉकबस्टर्स के माध्यम से, अमरीकी मरीन कॉर्प्स का महिमामंडन किया गया, जिसने वियतनाम, ईराक और अफगानिस्तान में जटिल, बहु-कारक संघर्षों को साधारण नैतिकता नाटकों में बदल दिया है, जहां अमरीकी सैनिक त्रस्त लोगों के एक मसीहा के रूप में उभरता है, जो साम्राज्य के लिए नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक, निःस्वार्थ आदर्श के लिए लड़ रहा है। सिनेमा के परदे के लिए पूर्ण किया गया सिनेमाई अनुनय का यह मॉडल 21वीं सदी में ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्मों के माध्यम से कहीं अधिक व्यापक और व्यक्तिगत तंत्र में फैल गया है। यह असीमित पहुंच प्रोपेगंडा मॉडल को एक प्रसारण से डाटा-आधारित, व्यक्तिगत ड्रिप फीड में बदल देती है। एक स्मार्टफोन चेतना का एक भंडार है, जहां एक एल्गोरिद्म चुपचाप वास्तविकता को क्यूरेट करता है, केवल उस सामग्री की सिफारिश करता है, जो उपयोगकत्रा के मौजूदा देखने के इतिहास और रुचि को दशार्ती है। एक डिजिटल रूप से देशी जेन-जी के लिए, जो एक राजनीतिक रूप से जुड़ा हुआ और भावनात्मक रूप से कमजोर समूह है, यह प्रणाली विशेष रूप से शक्तिशाली है। स्क्रीन पर एक टैप पर उपलब्ध एक जासूसी थ्रिलर या राजनीतिक नाटक, चिकनी, प्रीमियम मनोरंजन की प्रतीत होने वाली उद्देश्यपूर्ण आड़ के माध्यम से कथाओं को आगे बढ़ाता है।

निर्णायक घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती कथाएं यह दशार्ती हैं कि अतीत को फिर से जोड़कर धर्म-परिवर्तन करने के लिए सिनेमा को गरम प्रोपेगंडा के रूप में कैसे तैनात किया जा सकता है। फिल्में जैसे एमरजैंसी, धुरंधर-I और II सीधे तौर पर इसी शैली में आती हैं। राज्य और कॉर्पोरेट अभिनेताओं और यहां तक कि विकेन्द्रीकृत वैचारिक उद्यमियों ने यह समझ लिया है कि सूचना संतृप्ति के युग में, अंतिम शक्ति इस बात में नहीं है कि हम क्या देखते हैं, बल्कि इस बात में है कि हम इसे कैसे देखते हैं, इसकी संज्ञानात्मक और भावनात्मक वास्तुकला को आकार देना है।

## कड़ी मेहनत रंग लाई, आदित्य सत्य प्रकाश सिंह का मुंबई टी-20 टीम में चयन




लाल शेखर सिंह/मुंबई (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद के थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के मूल निवासी आदित्य सत्य प्रकाश सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन मुंबई की टी-20 टीम में हुआ है, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

आदित्य का जन्म मीरारोड (महाराष्ट्र) में हुआ और वर्तमान में वे नालासोपारा के महेश पार्क में रहकर अपनी पढ़ाई और खेल दोनों को संतुलित कर रहे हैं। वे इस समय ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं और साथ ही क्रिकेट में लगातार मेहनत कर रहे हैं। उनके पिता किसान हैं, जबकि माता नालासोपारा में अपने देवर अवधेश सिंह के साथ रहकर परिवार का दायित्व संभाल रही हैं।

परिवार की आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों के बीच चाचा अवधेश सिंह ने आदित्य को किसी भी तरह की कमी महसूस नहीं होने दी। उनकी भूमिका को लेकर परिवार और आसपास के लोग उन्हें एक मिसाल के रूप में देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य का पहले भी टी-20 स्तर पर चयन हुआ था, लेकिन लगातार मेहनत और प्रदर्शन के दम पर अब उनका चयन मुंबई टीम में हुआ है। यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। परिवार, इष्ट-मित्र और क्षेत्रीय लोगों ने आदित्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि वे एक दिन प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन करेंगे।

## दूधवाले, अखबार विक्रेता को डिजिटल सुविधा प्रदान करनेवाले नगदपे ऐप का शुभारंभ

**मुंबई।** नगदपे, एक फिनटेक प्लेटफॉर्म है जिसका मकसद भारत के असंघटित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को डिजिटल वित्तीय सेवा से जोड़ना है, इस का अनावरण मुंबई में रविवार, 3 मई 2026 को हुआ। इस पहल का उद्देश्य दूध विक्रेताओं, अखबार वितरकों और छोटे दैनिक कमाई करने वाले कामगारों को डिजिटल वित्तीय प्रणाली से जोड़ना है।

नगदपे ऐप उपयोगकताओं को डिजिटल छालण बनाने, समय पर भुगतान प्राप्त करने और एक विश्वसनीय वित्तीय पहचान बनाने की सुविधा देता है। इससे उन्हें ऋण और अन्य औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी। भारत में जहां हर दिन की शुरूआत दूधवाले, अखबार विक्रेता और अन्य सेवा प्रदाताओं की डोरबेल से होती है, वहीं लाखों छोटे और असंगठित कामगार आज भी कागजी हिसाब-किताब और महीने के अंत में नकद वसूली पर निर्भर हैं। नगदपे इस व्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया है। यह प्लेटफॉर्म ब्लू-कॉलर कार्यबल के लिए तैयार किया गया एक सरल डिजिटल पेमेंट और लेजर समाधान है, जो भुगतान संग्रह, ग्राहक प्रबंधन और बहीखाते की जटिलताओं को आसान बनाता है। हालांकि देश में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कई सेवाएं अभी भी पारंपरिक तरीकों पर निर्भर हैं, जिससे देरी और भुगतान संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं। नगदपे के सह-संस्थापक गजेन्द्र गर्ग ने कहा, भारत अपने रोजमर्रा के नायकों पर चलता है, लेकिन उनकी वित्तीय व्यवस्था अभी भी पुरानी है। नगदपे के माध्यम से हम उन्हें सरल, पारदर्शी और डिजिटल समाधान देकर सशक्त बनाना चाहते हैं। इस प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताओं में आसान ऑनबोर्डिंग, स्थानीय भाषाओं का समर्थन (जल्द), तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता नहीं जैसे सुविधाएं शामिल हैं। मुंबई से शुरू हुआ नगदपे जल्द ही महाराष्ट्र और देश के अन्य शहरों में विस्तार करेगा। कंपनी का लक्ष्य असंगठित कामगारों के लिए एक मजबूत वित्तीय पहचान प्लेटफॉर्म बनना है। यह ऐप दूध वितरण, अखबार सप्लाई, लॉन्ड्री, छोटे दुकानदारों और नियमित नकद लेनदेन करने वालों के लिए उपयोगी है। नगदपे ऐप अब एंड्रॉइड पर उपलब्ध है।

## अटल सेतु के उल्वे से गेटवे ऑफ इंडिया तक तैरकर पार किया समुद्र, 9 साल की अनैया ने तैराकी में बनाया रेकॉर्ड



**नवी मुंबई।** डोंबिवली निवासी 9 साल की अनैया जगदीश कुंती कारकर ने उलवा से गेटवे ऑफ इंडिया तक लगभग 17 किलोमीटर का समुद्री सफर तैरकर 4 घंटे इतिहास रच दिया है। ओमकार इंटरनैशनल स्कूल में कक्षा पांचवीं की छात्रा बचपन से ही तैराकी का शौक है। जब वह लगभग छह वर्ष की थीं, तो परिजनों ने उनका ऐडमिशन डोंबिवली के एक स्विमिंगक्लास में कराया था। हालांकि, पारिवारिक दिक्कतों के चलते बीच में कुछ समय के लिए अनैया को तैराकी की ट्रेनिंग रोकनी पड़ी। लेकिन जब उन्होंने दोबारा तैरना शुरू किया, तो समंदर पारने जैसा साहसी कार्य कर हमउम्र बच्चों के लिए प्रेरणा बन गईं। हालिया कारनामे में अनैया ने 1 मई की रात करीब 2 बजे अटल सेतु के पास उल्वे से अपना तैराकी का सफर शुरू किया और सुबह करीब 6 बजे वह गेटवे ऑफ इंडिया पहुंच गईं। इतनी कम उम्र में इतना बड़ा समुद्री सफर तय करने पर अनैया के साहस की चौतरफा सराहना हो रही है। हमें अपनी बिटिया पर नाज है। अनैया अब इंग्लिश चैनल पार करने की तैयारी में है। वह जो भी चुनौती स्वीकार करेगी, मैं हर हाल में उसका साथ दूंगी। इस चुनौती के लिए वह पिछले 6 महीने से लगातार तैयारी कर रही थीं और इससे पहले चार बार समंदर में अभ्यास कर चुकी थीं। अब उनकी इच्छा इंग्लिश चैनल पार करने की है, जिसकी तैयारी वह शुरू कर चुकी हैं। अनैया के ट्रेनर विलास माने और रवि नवले ने बताया है कि वह 6 महीने से रोजाना 3 से साढ़े 3 घंटे तक कड़ी प्रैक्टिस कर रही थीं। डोबिवली के यश जिमखाना स्विमिंग पूल में उनकी नियमित ट्रेनिंग होती थी। विलास और रवि ने उनके हौसले को सैल्यूट करते हुए कहा कि जिमखाने के बाहर 'ओपन सी' कॉम्पिटिशन से जुड़े पोस्टर लगे रहते थे। छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद अनैया ने समंदर पर 17 किलोमीटर का लंबा सफर तय किया है। अनैया की इस उपलब्धि ने गौरवान्वित किया है। वह रोजाना साढ़े 3 घंटे कड़ी प्रैक्टिस करती थी, तब जाकर यह सफलता मिली है। अनैया रोजाना ये पोस्टर देखा करती थी, वहीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने अपने परिजनों से कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने की इच्छा जाहिर की थी। उनके पैरेंट्स ने भी उन्हें लगातार हौसला दिया, फिर उन्होंने तैराकी जोरदार तैयारी शुरू की और यह बड़ा कारनामा कर दिखाया।

# बालासाहेब ठाकरे जन्मशताब्दी पर भिवंडी में भव्य मुफ्त स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन




**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** शिवसेनाप्रमुख हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के निदेर्शानुसार भिवंडी में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की ओर से शुक्रवार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मध्यवर्ती शिवसेना कार्यालय में आयोजित हुआ। जिला प्रमुख कुंदन पाटिल के मार्गदर्शन में तथा भिवंडी पूर्व और पश्चिम विधानसभा प्रमुख उमेश कोंडलेकर के नेतृत्व में, शिवसेना और लाइफ लाइन हिजामा सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ शिवसैनिक सुखदेव तेजे, श्रीमती चांदणी प्रकाश शेटे, प्रमोद (मामा) पुण्यार्थी, चक्रधर पाटिल, दयाराम पाटिल और बजरंग भोईर के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज, बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेदिक उपचार, मुफ्त दवाएं तथा विभिन्न थेरेपी के माध्यम से संधिवात, रीढ़ की समस्याएं, थायरॉइड, मधुमेह, दमा, हृदय रोग, त्वचा रोग, महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं, लकवा, मानसिक रोग, बवासीर, पथरी और कमजोरी जैसी बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही कपिंग थेरेपी, कोरियन मैट थेरेपी, फ्लेम थेरेपी, नीडल थेरेपी और बोन सेटिंग जैसी आधुनिक पद्धतियों से भी इलाज किया गया।

उपचार प्राप्त करने वाले नागरिकों ने सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप बोडके, गजेंद्र गुलवी, महेंद्र कुंभारे, मोहन बल्लाल, नाना झलके, अरुण पाटिल, दिपाली जैन, स्वाती भावार्थे आदि सहित बड़ी संख्या में शिवसेना पदाधिकारी, शिवसैनिक और नागरिक उपस्थित रहे। इस शिविर को सफल बनाने में समीर खिसमतराव और वैभव (भाऊ) काठवले का विशेष योगदान रहा।

## नागपुर में आरएसएस मुख्यालय और स्मृति मंदिर में रेडियोएक्टिव हमले की धमकी, कमिश्नर को भेजा पत्र

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में आरएसएस मुख्यालय और स्मृति मंदिर को रेडियोएक्टिव हमले की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। एक गुमनाम पत्र में रेडियोएक्टिव हमले की धमकी दी गई। इससे शहर में हड़कंप मच गया। धमकी भरा पत्र नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ रविंद्रकुमार सिंगल को भेजा गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाल मुख्यालय और रेशीमबाग स्थित स्मृति मंदिर परिसर का जिक्र है। इस धमकी भरे पत्र में डीएसएस नाम के एक कथित संगठन का जिक्र किया गया है और संघ के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि यह गुमनाम पत्र 27 अप्रैल को डाक के जरिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में पहुंचा था। इस पत्र को अंग्रेजी में लिखा गया है। इस पत्र में डीएसएस नाम के संगठन का जिक्र किया गया है। पत्र में दावा किया गया है कि दोसरभवन चौक के पास डेटोनेटर रखा गया है। आरएसएस मुख्यालय, रेशीमबाग स्मृतिमंदिर और मेट्रो में सीजियम-137 नाम की रेडियोएक्टिव पाउडर डाले जाने की बात लिखी गई।

पत्र में जिन जगहों का जिक्र था, उनमें मुख्यालय, स्मृतिमंदिर, बीजेपी का गणेशपेठ कार्यालय और मेट्रो स्टेशन शामिल थे। हालांकि वहां एटीएस ने एनडीआरएफ और परमाणु विशेषज्ञों की मदद से जांच की लेकिन कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में एटीएस की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि यह लेटर किसने और क्यों लिखा है।

## जिला परिषद पालघर द्वारा खरीप सीजन के लिए खाद सप्लाई का किया गया उचित प्रबंध

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** आगामी खरीप सीजन के मद्देनजर पालघर जिले में किसानों को समय पर और उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा उचित योजना तैयार की गई है। जिला कृषि अधिकारी के मार्गदर्शन में यह समग्र तैयारी की गई है।

इस वर्ष के खरीप सीजन के लिए जिले को 12,800 मीट्रिक टन यूरिया और 3,150 मीट्रिक टन संयुक्त खाद का भंडारण मंजूर किया गया है। वर्तमान में जिले में कुल 1,754 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें 754 मीट्रिक टन यूरिया और 1,000 मीट्रिक टन संयुक्त खाद शामिल हैं।

पालघर जिले में खरीप सीजन के दौरान मुख्यतः चावल की खेती के लिए यूरिया और संयुक्त खाद की बड़ी मांग रहती है। इस मांग को पूरा करने के लिए कृषि विभाग द्वारा कई कदम उठाये गये हैं। खाद की कृत्रिम कमी को रोकने के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष निगरानी दल (फ्लाइंग स्क्वाड) स्थापित किये गये हैं। साथ ही, खाद की बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पॉइंट ऑफ सेल मशीनों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। खाद वितरण की जिम्मेदारी खाजगी वितरकों और सहकारी संस्थाओं के द्वारा निभाई जाती है। जून महीने से शुरू होने वाले खरीप सीजन के लिए किसान खाद की खरीदारी शुरू कर देंगे, और उसके अनुसार खाद का स्टॉक और वितरण योजना बनाई गई है। इसके अलावा सभी खाद विक्रेताओं, बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों, महाबीज और आरसीएफ के अधिकारियों के साथ आगामी सप्ताह में बैठक आयोजित की जायेगी।

# लोधा क्राउन में विराट हिन्दू सम्मेलन संपन्न, पंच परिवर्तन पर रहा जोर

लोधा क्राउन हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह एवं दीप प्रज्वलन करते अतिथि





**डोंबीवली, ठाणे (उत्तरशक्ति)।** तलोजा की लोधा क्राउन बस्ती में रविवार, 3 मई को विराट हिन्दू सम्मेलन हुआ। स्थानीय कार्यकताओं के आयोजन में करीब 500 नागरिक शाम 5:30 से 8:00 बजे तक शामिल हुए। मुख्य विषय पंच परिवर्तन रहा। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर गति बढ़ाने का आह्वान किया। आचार्य प्रल्हाद महाराज शास्त्री ने मुख्य उद्बोधन दिया। श्रीमती वंदना सोनावणे ने हिंदुत्व पर विचार रखे। प्रशांत जगन्नाथ खरे ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित किया। नायसा केशवानी, देवशी जायसवाल, राधिका सिंह के भजन, अनुष्कगिरि ग्रुप की प्रस्तुति, तनवी जाधव के नृत्य व साई सौभाग्य कुमार दास के देशभक्ति गीत ने समां बांधा। नूतन पाटिल ग्रुप ने दीप प्रज्वलन किया। संचालन प्रिया राजेन्द्र भट्ट ने, प्रस्तावना अविनाश सिंह ने व आभार वेद प्रकाश तिवारी ने व्यक्त किया। डाउन टाऊन व लक्सर बस्ती के जो लोग पूर्व कार्यक्रमों में नहीं आ सके, वे भी इस सम्मेलन में शामिल हुए। वंदे मातरम से समापन हुआ। अतिथि व कलाकारों का सत्कार कर प्रशंसा पत्र दिए गए।

## मुंबई में देवांश बड़जात्या के शुभ हाथों हुआ झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई काव्य का भव्य लोकार्पण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई में राजश्री परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ साहित्यकार एवं रॉयल्टी प्राप्त कवि रामकेश एम. यादव सरस की सत्ताईसवीं कृति झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई (काव्य) का भव्य लोकार्पण सम्पन्न हुआ। कृति का विमोचन देवांश बड़जात्या द्वारा किया गया, जो प्रसिद्ध फिल्मकार सूरज बड़जात्या के सुपुत्र हैं। कार्यक्रम का आयोजन राजश्री प्रोडक्शन्स के कार्यालय में किया गया, जहाँ राजश्री प्रोडक्शन्स के मैनेजर श्री पी. के. गुप्ता की उपस्थिति में साहित्यप्रेमियों एवं अतिथियों ने कृति की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे वीरता, त्याग और देशभक्ति से ओतप्रोत एक प्रेरणादायक रचना बताया। इस अवसर पर इस काव्य के लेखक रामकेश एम. यादव सरस ने कहा कि उनकी यह काव्य कृति वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को समर्पित एक विनम्र श्रद्धांजलि है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और त्याग की भावना जागृत करना है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह उनकी सत्ताईसवीं (27वीं) पुस्तक है, जो उनके साहित्यिक जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

काव्य का प्रकाशन मुस्कान एक एहसास के संपादक एवं प्रकाशक लालबहादुर यादव 'लल्लन' द्वारा किया गया। राजश्री प्रोडक्शन्स, जिसकी स्थापना स्वर्गीय ताराचंद बड़जात्या ने की थी, भारतीय सिनेमा में पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने के लिए विख्यात रहा है। इस आयोजन में उसी समृद्ध विरासत, सादगी और सांस्कृतिक गरिमा की प्रेरक झलक देखने को मिली। साहित्यप्रेमियों, पत्रकारों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# विरार में दृष्टि आई हॉस्पिटल का अत्याधुनिक विस्तारित केंद्र शुरू

**विरार / मुंबई।** विरार क्षेत्र के नेत्ररोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विरार पश्चिम में दृष्टि आई हॉस्पिटल के विस्तारित और अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस नए केंद्र के शुरू होने से अब विरार और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उच्चस्तरीय नेत्रचिकित्सा एवं शल्यक्रिया सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में लोकनेते हितेंद्र ठाकूर, पूर्व विधायक क्षितिज ठाकूर, वसई-विरार महानगरपालिका के प्रथम महापौर राजीव पाटील, वर्तमान महापौर अजीव पाटील, पूर्व नगरसेवक एवं स्थायी समिति के प्रथम सभापति जितुभाई शाह तथा वीएमए और आईडीए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण क्षीरसागर उपस्थित रहे। सभी मान्यवरों ने स्थानीय स्तर पर वैश्विक तकनीक उपलब्ध कराने के इस प्रयास की सराहना की। अस्पताल के संस्थापक एवं संचालक डॉ. हेमंत चासिया (एमएस ऑप्थाल्मोलॉजी, डीओएमएस) के नेतृत्व में दृष्टि आई हॉस्पिटल पिछले 19 वर्षों से नेत्रसेवा प्रदान कर रहा है। मुंबई के केईएम अस्पताल से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद डॉ. चासिया ने वर्ष 2007 में गोकुळ टाउनशिप से इस अस्पताल की शुरूआत की थी। अब तक अस्पताल में 20,000 से अधिक सफल मोतियाबिंदु (कैटरैक्ट) सर्जरी की जा चुकी हैं। अस्पताल LASIK, Epi-LASIK और ब्लेडलेस LASIK जैसी उन्नत रिफ्रेक्टिव सर्जरी में विशेष विशेषज्ञता रखता है।

नए केंद्र में विरार का पहला अल्ट्रा एचडी LASIK' मशीन स्थापित किया गया है, जो जर्मन तकनीक पर आधारित है। 500 हर्ट्ज. की गति और 5D 1050 आई-ट्रैकर से लैस यह मशीन चश्मे के नंबर को अत्यंत सटीक और सुरक्षित तरीके से हटाने में सक्षम है। इस अवसर पर डॉ. हेमंत चासिया ने कहा, रोगियों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस विस्तार के माध्यम से हमारा उद्देश्य वैश्विक स्तर की नेत्रसेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को अब बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। नए केंद्र में सर्वसमावेशक नेत्र सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें मोतियाबिंदु (कैटरैक्ट) सर्जरी, रिफ्रेक्टिव सर्जरी (छअरक्ङ सहित), ग्लूकोमा उपचार, रेटिना केयर तथा अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं शामिल हैं। दृष्टि आई हॉस्पिटल प्रा. लि. का यह केंद्र यशवंत प्रेस्टीज बिल्डिंग के प्रथम तल पर स्थित है, जो डी-मार्ट के पास और न्यू विवा कॉलेज के सामने, चिंतामणी विहार, तिरुपति नगर फेज 2, विरार (पश्चिम), महाराष्ट्र में स्थित है।

## चर्मकार क्रांति सेना के अध्यक्ष पद पर श्याम भोईर की नियुक्ति के साथ नई कार्यकारिणी का किया गया गठन



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** समाज को संगठित कर मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से स्वर्गीय प्रा. भगवान भोईर द्वारा स्थापित चर्मकार क्रांति सेना के अध्यक्ष पद पर भिवंडी के श्याम भोईर का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बतादें कि भिवंडी शहर के नारपोली स्थित आयडियल इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष चंदू जाधव ने किया। बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें डा. देविदास भोईर को सचिव, नरेश वालंज को कार्याध्यक्ष, बारकू शिंदे को उपाध्यक्ष तथा संजय रतन भोईर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सत्यवान जाधव, गणेश शांताराम भोईर, दिलीप हरिश्चंद्र भोईर और संतोष लक्ष्मण भोईर को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा संगठन के सलाहकार के रूप में चंदू जाधव, लक्ष्मण वालंज और विश्वास गायकवाड़ का चयन किया गया, जबकि कानूनी सलाहकार के रूप में एडवोकेट दिलीप वालंज को नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम भोईर ने कहा कि चर्मकार क्रांति सेना समाज संगठन, जनजागरण और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करेगी। साथ ही समाज के युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए विभिन्न उपक्रम चलाए जाएंगे।

## पुणे में 4 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या पर बवाल, सड़कों पर उतरे लोग, मुंबई-बेंगलुरु हाईवे 4 घंटे तक जाम



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में चार साल की बच्ची से रेप और उसकी हत्या के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु हाईवे को जाम कर दिया। इसके कारण हाईवे पर लगभग चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को नवाले ब्रिज क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और इस मामले में गिरफ्तार 65 वर्षीय व्यक्ति को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें राजमार्ग पर भारी यातायात जाम दिख रहा है।

बाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधी रात के बाद यहां वैकुंठ श्मशान घाट में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में आरोपी व्यक्ति मजदूर है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को कथित तौर पर खाना दिलाने का लालच देकर फुसलाया और वह उसे मवेशियों के बाड़े में ले गया जहां उसने उसका यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि बच्ची के लापता होने पर उसके रिश्तेदारों ने उसकी तलाश शुरू की और इसी दौरान एक निजी आवास के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी, बच्ची के साथ नजर आया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को सात मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

सुनेत्रा पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस मामले पर बात की और त्वरित अदालती सुनवाई की मांग की, ताकि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को पुणे ग्रामीण पुलिस को निर्देश दिया कि इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाकर एक बेहद मजबूत मामला तैयार किया जाए तथा मुकदमे की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, शिंदे ने निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आरोपी को अधिकतम सजा, यानी फांसी की सजा मिले।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# जौनपुर में हत्या के आरोपियों को शरण देने वाले 8 सहयोगी गिरफ्तार

डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खेतासराय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना खेतासराय पुलिस टीम ने गोली मारकर हत्या के मामले में वांछित और इनामिया अभियुक्तों को शरण देने व फरार कराने में सहयोग करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, थाना खेतासराय में दर्ज मुकदमा संख्या 90/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत वांछित आरोपीगण पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। इन आरोपियों को सोंगर मोड़ के पास स्थित कब्रिस्तान के पास शरण देने और उन्हें भगाने में मदद करने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना खेतासराय में मुकदमा संख्या 91/2026 के तहत धारा 253, 212, 132, 109, 191(2), 191(3) व 190 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों के नामः रामजीत विन्द, आदित्य गौतम, कमलेश यादव, गुलशन राजभर, साहिल राजभर, सचिन राजभर, शोले राजभर और बृजमोहन विन्द। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि फरार मुख्य आरोपीगण की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

# कमर्शियल व घरेलू गैस के दाम में वृद्धि से व्यापार एवं आम आदमी के जेब पर दोहरी मार: इंदु सिंह

बढ़ी कीमतों को वापस लिया जाए तथा छोटे व्यापारियों को सब्सिडी दी जाए: आरिफ हबीब

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल





जौनपुर ने केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई हालिया बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन ने इस निर्णय को व्यापार और आम आदमी की जेब पर 'दोहरी मार' करार दिया है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से होटल, रेस्त्रां, ढाबा और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े छोटे व्यापारियों की लागत काफी बढ़ जाएगी। लागत बढ़ने के कारण अब खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ाना उनकी मजबूरी होगी, जिसका सीधा असर आम जनता की थाली पर पड़ेगा।

इंद्रभान सिंह इंदु ने आगे कहा कि कोरोना काल के बाद अभी बाजार पूरी तरह संभल भी नहीं पाया था कि ईंधन के दामों में लगातार हो रही वृद्धि ने मध्यम और लघु उद्योगों (MSMEs) की कमर तोड़ दी है।

ज़िलाध्यक्ष इंदु सिंह ने कहा कि सरकार एक तरफ व्यापार सुगमता (Ease of Doing Business) की बात करती है और दूसरी तरफ लगातार कमर्शियल गैस के दाम बढ़ाकर छोटे उद्यमियों को संकट में डाल रही है। यह वृद्धि तत्काल वापस ली जानी चाहिए, अन्यथा पूरे देश का व्यापारी समाज सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा।

बढ़े हुए दामों की निंदा करते हुए ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब ने व्यापार एवं आम जनता को राहत देने के क्रम में सरकार से मांग करते हुए कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। छोटे व्यापारियों के लिए गैस सिलेंडर पर विशेष सब्सिडी की व्यवस्था की जाय।

# दूल्हा हत्याकांड: 25 हजार का इनामी भोले राजभर, दो दशक का आपराधिक इतिहास खंगाल रही पुलिस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र में 1 मई की रात हुए दूल्हा हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले के




मुख्य आरोपी भोले राजभर उर्फ भोलानाथ पर 25,000 का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस अब उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालते हुए पूरे नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि भोले राजभर का अपराध से नाता नया नहीं बल्कि करीब दो दशक पुराना है। वर्ष 2004 से लेकर 2026 तक वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ जौनपुर और आजमगढ़ जनपद के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

**इन थानों में दर्ज हैं मामले:** जौनपुर जनपद के सरायख्वाजा, खेतासराय, खुटहन और सुजानगंज थानों में, जबकि आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

**गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी:** खेतासराय पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। घटना 1 मई की रात करीब 8 बजे की है, जब हमलावरों ने दूल्हे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही पुलिस साक्ष्य जुटाने में जुटी है।

**नेटवर्क और मददगारों पर भी नजर:** पुलिस का मानना है कि आरोपी के पुराने रिकॉर्ड से उसके सहयोगियों और शरण देने वालों की पहचान में मदद मिल सकती है। इसी कड़ी में कई संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

**सोशल मीडिया पर फैली सूचनाओं की जांच:** घटना के बाद सोशल मीडिया पर आरोपी को लेकर कई दावे किए जा रहे हैं। पुलिस ने साफ किया है कि वह केवल तकनीकी साक्ष्य और आधिकारिक रिकॉर्ड के आधार पर ही कार्रवाई करेगी और अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# फूलपुर के युवाओं का कमाल: 4 महीने में 207 यूनिट रक्तदान, India Book of Records में दर्ज हुआ नाम

मो.इमरान फारूख

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जनपद की फूलपुर तहसील से समाज सेवा की एक प्रेरणादायक




मिसाल सामने आई है, जहां युवाओं ने रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से आयोजित शिविर में विवेक विश्वकर्मा उर्फ 'पुटरु' और सौरभ सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ मिलकर महज चार महीनों में 207 यूनिट रक्त संग्रह कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उत्कृष्ट कार्य को India Book of Records में भी दर्ज किया गया है।

यह उपलब्धि न केवल आजमगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गई है। युवाओं की इस पहल ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है।

इस सराहनीय कार्य के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने दोनों युवाओं को सम्मानित किया। उन्होंने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनके जनसेवा के जज्बे की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाती है।

सम्मानित युवाओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय टीम के सदस्यों, सहयोगियों और शुभचिंतकों को दिया। उनका कहना है कि सामूहिक प्रयास और समाज के समर्थन से ही यह संभव हो पाया है।

रक्तदान शिविर की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि अगर युवा ठान लें, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद जगदंबिका पाल का कृपाशंकर सिंह ने किया स्वागत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल का आगमन रविवार को पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह के आवास पर हुआ इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान उन्हें भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में दोनों नेताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करने,




आगामी चुनावी रणनीतियों और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की। जगदंबिका पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया, वहीं कृपाशंकर सिंह ने उनके अनुभव और नेतृत्व की सराहना की। उपस्थित लोगों ने जय श्रीराम के नारों के साथ पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर जगदंबिका पाल ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया।

# बारात में दूल्हे की हत्या के बाद पूर्व विधायक ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात, उठाई तीन मांगें

आफताब आलम

मानीकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़उर जपटापुर में बारात के दौरान हुई आजाद बिंद की हत्या के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना के दूसरे दिन पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान (सदर) मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर



अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने घटना को बेहद दुखद और निंदनीय बताया।

**पूर्व विधायक ने प्रदेश सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखीं–** आजाद बिंद के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि वे भयमुक्त जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं और प्रशासन को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## जौनपुर में आगामी त्यौहार और विभिन्न प्रतियोगिकी परीक्षाओं के मध्य नजर डीएम ने लागू की धारा 163

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला मजिस्ट्रेट दिनेश चन्द्र के द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दृष्टिगत एवं आसन्न पर्वो यथा 9 मई 2026 को उठ लोक नायक महाराणा प्रताप जंयती 27 एवं 28 मई ईदुज्जुहा एवं 25 एवं 26 को मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा।

उक्त के दृष्टिगत जनपद में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शान्ति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। साथ ही असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों व उनके समाज विरोधी क्रियाकलापों पर अंकुश लगाये जाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 163 जनपद में लागू किया जाना समाचीन प्रतीत होता है। जिसके क्रम में उन्होने धारा 163 भा0ना0सु0सं0 2023 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तात्कालिक प्रभाव से निषेधाज्ञा पारित किया गया है।

## मोहन सराय हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की हुई मौत, एक घायल

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के रोहनिया में स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनसराय चौराहा स्थित हाईवे ओवर ब्रिज के पास रविवार को दोपहर में लगभग 12 बजे अखरी के तरफ से राजातालाब की ओर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार भदोही जिले के निहोर निवासी नन्हे की पत्नी 40 वर्षीय बेबी नामक महिला की



मौके पर ही मौत हो गयी। तथा बाइक चालक भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के जेठू पर गांव निवासी कैलाश सरोज घायल हो गये। घटना के दौरान उक्त अज्ञात वाहन घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोहन सराय चौकी इंचार्ज अमिर बहादुर सिंह ने उक्त घायल को इलाज के लिए नजदीक के हॉस्पिटल में भर्ती कराया तथा मृतक की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनसराय हाईवे स्थित ओवर ब्रिज उतरते समय पीछे से आ रही अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गये। इस दौरान उक्त अज्ञात वाहन ने सड़क पर गिरी महिला के सर को कुचलते हुए घटना स्थल से राजातालाब की तरफ फरार हो गया। जिससे उक्त महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# सरकारी अस्पताल में युवक का फार्मासिस्ट ने बोतल से सिर फोड़ा

### मामूली बात पर कंपाउंडर भड़का, गाली-गलौज के बाद किया हमला; युवक गंभीर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र स्थित राजकीय होम्योपैथ चिकित्सालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया गया। ग्राम जोगीपुर निवासी सतीश चन्द्र यादव का पुत्र नितिन अपनी मां को दवा दिलाने अस्पताल गया था।

बताया जाता है कि अस्पताल परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल के सहारे खड़े नितिन को वहां मौजूद कंपाउंडर अमित उपाध्याय ने गाली-गलौज करते हुए हटने को कहा। विरोध करने पर आरोपी आगबबूला हो गया और कथित रूप से बोतल तोड़कर नितिन के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर मड़ियाहूं थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नाबालिग लड़की के लापता होने से हड़कंप, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के बन्जारेपुर गांव से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पीड़िता के पिता बेचूराम पुत्र मोतीलाल ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि उनकी पुत्री जया 28 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4 बजे घर से बाहर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

आखिरकार निराश होकर पीड़ित पिता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के निर्देश पर मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक रवि प्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि लड़की की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अखिलेश यादव के नेतृत्व की चर्चा–उत्तर प्रदेश को मिलेगा आर्थिक विस्तार: अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मोहम्मद अरशद खान द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत की छवि और नेतृत्व को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण कई मुस्लिम देशों में भारत की छवि प्रभावित हुई है, जिससे पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर असर पड़ा है।

इसके विपरीत अखिलेश यादव को समावेशी राजनीति और समाजवादी विचारधारा का प्रतीक बताते हुए अरशद खान ने कहा कि वे वैश्विक स्तर पर, विशेषकर मुस्लिम देशों में एक सकारात्मक और भरोसेमंद छवि के रूप में उभर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि 2027 में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं, तो यह केवल



राजनीतिक बदलाव नहीं होगा, बल्कि राज्य के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक विस्तार का अवसर भी बनेगा। उनके अनुसार, इस नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के उद्योग और व्यापार को मुस्लिम देशों में नया बाजार मिल सकता है और खाड़ी देशों के साथ व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि इससे प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे, साथ ही निवेश और निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। अरशद खान ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की ह्लसर्वधर्म समभावह्व की नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान दिला सकती है।

अंत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र बनाने के लिए ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य हो, और यह क्षमता केवल अखिलेश यादव में है।

### जौनपुर पुलिस का बड़ा खुलासा

# ऑनलाइन इनवेस्टमेंट/बेटिंग फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जौनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन इनवेस्टमेंट और बेटिंग ऐप के जरिए ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना टीम को सूचना मिली थी कि संगठित गिरोह बनाकर बड़े पैमाने पर इनवेस्टमेंट फ्रॉड किया जा रहा है। जांच के दौरान साइबर क्राइम पोर्टल (NCRP) व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से पता चला कि आरोपी विभिन्न राज्यों के लोगों को सोशल मीडिया और टेलीग्राम के जरिए निवेश और बेटिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे।

**ऐसे करते थे ठगी:** आरोपियों ने वाराणसी में किराए के मकान में ऑफिस बनाकर लोगों को पहले छोटे निवेश पर लाभ दिखाया, फिर



बड़े निवेश के लिए प्रेरित कर रकम हड़प ली। ठगी की रकम फर्जी दस्तावेजों से खोले गए बैंक खातों में मंगाई जाती थी, जिसे बाद में एटीएम और चेक के माध्यम से निकाल लिया जाता था।

**30 करोड़ से अधिक की ठगी के आरोप:** गिरफ्तार आरोपीगण– कृष्णा सिंह (22 वर्ष) और रामप्रताप सिंह (34 वर्ष)–के खिलाफ NCRP पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से कुल 61 शिकायतें दर्ज हैं। इन मामलों में करीब 30 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की बात सामने आई है।

**बरामदगी:** पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, 5 फर्जी आधार कार्ड और विभिन्न खातों में होल्ड करीब 20 लाख रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा साइबर फ्रॉड से अर्जित संपत्तियों की जांच की जा रही है और संबंधित राज्यों से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में साइबर क्राइम थाना व साइबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जीएलए ग्लोबल लेगेसी अवाड्र्स में मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल को 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल' का सम्मान

### मुख्य अतिथि चितरंगना सिंह ने डॉ.आबिद खान को किया सम्मानित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। GLA Global Legacy Awards एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन Hyatt Centric Janakpuri में किया गया, जहां शिक्षा जगत से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जौनपुर के मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल मनेछा, खेतासराय ने 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्कूल' का प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि Chitrangana Singh द्वारा विद्यालय के प्रबंधक Dr. Abid Khan को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के साथ स्कूल ने जौनपुर सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों



को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के उप संपादक Dr. Imtiyaz Ahmad से दूरभाष पर बातचीत में विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सम्मान छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और प्रबंधन के सतत प्रयासों का परिणाम है। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने का संकल्प दोहराया।

# वाराणसी से पुणे के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू, यात्रियों में खुशी का माहौल

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। बनारस रेलवे स्टेशन से पुणे तक चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन शनिवार से शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई इस ट्रेन को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पहले ही दिन स्लीपर कोच आधे से अधिक भरे नजर आए, जबकि जनरल बोगियों में भी अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

ट्रेन संख्या 22589 अमृत भारत एक्सप्रेस बनारस रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 से प्रतिदिन शाम 6:15 बजे प्रस्थान करेगी।

शनिवार को ट्रेन शाम करीब 5 बजे प्लेटफॉर्म पर पहुंची, जिसके बाद यात्रियों ने अपने-अपने कोच में बैठना शुरू कर दिया। कुल 22 कोच वाली इस ट्रेन में 11 जनरल और 8 स्लीपर कोच लगाए गए हैं, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए पैंट्री कार की भी व्यवस्था की गई है।

इस ट्रेन का स्लीपर किराया 860 रुपये निर्धारित किया गया है और यह लगभग 30 घंटे में 1710 किलोमीटर का सफर तय कर यात्रियों को पुणे पहुंचाएगी। ट्रेन का ठहराव कुल 20 स्टेशनों पर होगा, जिनमें ज्ञानपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, औराई, इटारसी, खंडवा और भुसावल प्रमुख हैं। निर्धारित समय के




अनुसार, ट्रेन तीसरे दिन रात 12:10 बजे हड़पसर (पुणे) पहुंचेगी।

पहले दिन सफर करने वाले यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई यात्रियों ने इस ट्रेन को किफायती और सुविधाजनक बताते हुए नियमित यात्रा के लिए बेहतर विकल्प बताया। स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों को आरामदायक सीटिंग और पर्याप्त जगह मिलने की बात भी सामने आई। इस दौरान बनारस रेलवे स्टेशन के निदेशक लवलेश राय स्लीपर कोच में पहुंचे और यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए रेलवे स्टाफ तैनात है। ट्रेन की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्लीपर कोच में 7 मई तक की सीटें फुल हो चुकी हैं और वेटिंग लिस्ट 50 के पार पहुंच गई है। बुकिंग शुरू होते ही यात्रियों ने बड़ी संख्या में आरक्षण कराया, जिससे यह ट्रेन वाराणसी से पुणे के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी का माध्यम बनती नजर आ रही है।

## वाराणसी में कल से फिर मौसम का मिजाज बदलेगा

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से आसमान में बादल छा सकते हैं और अगले दो दिनों के भीतर आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना है। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश और ठंडी हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसी बीच, एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। सोमवार और मंगलवार को तेज हवा, गरज-चमक और बारिश के आसार जताए गए हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बदलाव के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है और आने वाले सप्ताह में भी लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मई माह में लू के दिनों की संख्या सामान्य रह सकती है, जबकि भीषण गर्मी की संभावना कम है। हालांकि, बीच-बीच में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, जिससे कभी धूप तो कभी बादल और बारिश का दौर बना रह सकता है।

## इंदौर आकर मां-बेटे लेते थे एमडी-डोडाचूरा का ऑर्डर




रतलाम से आने की भनक लगने पर पुलिस ने दबोचा, 16 लाख रुपए का माल बरामद

-प्रणित नरेंद्र तिवारी

इंदौर (उत्तरशक्ति)। इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा की तस्करी करने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों रतलाम से इंदौर आकर ड्रग्स सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने इनके पास से करीब 16 लाख रुपए का मादक पदार्थ और अन्य सामान बरामद किया है। इंदौर क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रतलाम जिले के पिपलौदा निवासी नावेद खान और उसकी मां मुमताज शहर में ड्रग्स की सप्लाई के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम ने पत्थर गोदाम रोड पर जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनके बैग से 159 ग्राम एमडी ड्रग्स और 990 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 16 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही बाइक सहित कुल 16 लाख 80 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, दोनों आरोपी लगातार इंदौर आकर ड्रग्स के ऑर्डर लेते थे। उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद यह कार्रवाई की गई।

## सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करने लगा आरोप



सरिता यादव

**केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** स्थानीय क्षेत्र के नरायनपुर गांव में सार्वजनिक रास्ते पर जबरन अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित संपूर्ण समाधान दिवस पर पत्रक सौंप रास्ते को खाली करा कर आवागमन की सुचारू रूप चालू कराने की गुहार लगाई।पीड़ित प्रवीण कुमार का आरोप है कि ग्रामसभा में आराजी नम्बर 8 जो बंजर की भूमि है जिसपर करीब छ परिवारों के आने जाने का रास्ता बना हुआ है जिसपर मैना पत्नी हरि व राजकुमार पुत्र स्व हरि कब्जा करने की नीयत से रास्ते पर जबरन कब्जा कर रहे है। जिसकी कई बार शिकायत करने के बाद नायब तहसीलदार हुसैन अहमद के द्वारा टीम गठित कर मौके पहुंच स्थलीय निरीक्षक कर उक्त लोगो को कब्जा करने से मना किया गया। बाबजूद इसके भी उक्त लोग तहसील प्रशासन को अंगूठा दिखाते हुए लगातार कब्जा करने पर आतुर है।पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग मनबढ़ व गोलबंद किस्म का है घर की महिलाओं को आगे कर गाली -गलौज कर मारपीट करना व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है।

## खेतासराय घटना पर प्रशासन सख्त, पीड़ित परिवार से मिले मंत्री-विधायक व अधिकारी

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जनपद के खेतासराय क्षेत्र के समीप हुई हृदयविदारक घटना में सरायख्वाजा निवासी आजाद बिंद की असमय मृत्यु से पूरे इलाके में शोक की लहर व्याप्त है। घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए माननीय विधायक शाहगंज Ramesh Singh जिलाधिकारी Dr. Dinesh Chandr तथा पुलिस अधीक्षक Kunwar Anupam Singh ने मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में जिला प्रशासन पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ा है। जिलाधिकारी ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है और उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में सख्त संदेश जाए। पुलिस विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील की है और अफवाहों से दूर रहने को कहा है। इससे पूर्व प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) Girish Chandra Yadav ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

## राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर जिला न्यायालय अव्वल, तय लक्ष्य से 214% अधिक प्रदर्शन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर चल रही सख्ती का असर अब साफ दिखने लगा है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में कुल 3,37,708 मामलों का निस्तारण किया गया।

इस रिपोर्ट में Lucknow 18,861 मामलों के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि Prayagraj 12,036 मामलों के साथ दूसरे और Barabanki 9,139 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं 8,483 मामलों के साथ चौथे और Bareilly पांचवें स्थान पर रहा। Azamgarh ने 8,274 मामलों के निस्तारण के साथ छठवां स्थान हासिल किया। जिला स्तरीय न्यायालयों में जौनपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 535 मामलों का निस्तारण किया, जो निर्धारित लक्ष्य से 214 प्रतिशत अधिक है। Sultanpur 370 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

जिलाधिकारी Dr. Dinesh Chandra ने बताया कि जनपद में राजस्व मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है, जिससे आम जनता को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है

## सेवानिवृत सैनिक के घर वापसी पर स्वागत समारोह हुई आयोजित

**केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** स्थानीय क्षेत्र के बलईपुर (बैरगिया) गांव में स्थित बगरहट डीह बाबा मंदिर प्रांगण में विदेश सेवा प्राप्त भारतीय सेना के हवलदार कुनाल यादव के सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार घर वापसी पर पूर्वांचल वीर सेना व ग्रामीणों के द्वारा स्वागत समारोह आयोजित की गई। शनिवार को जैसे ही वे केराकत स्थित सिहौली चौराहे पर पहुंचे तभी भारी काफिले के साथ पूर्व सैनिक व ग्रामीणों ने सेवानिवृत सैनिक कुनाल यादव का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें माला पहनाकर तिरंगे लगे गाड़ी में बैठाकर और हाथों में तिरंगे झंडे लेकर गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में नई बाजार,देवकली होते हुए कार्यक्रम स्थल लाया गया। इस दौरान भारत माता के जयघोष से सड़के गुंजमान हो उठी। कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्र से आए भारी संख्या में लोगों ने सेवानिवृत सैनिक को सम्मानित किया साथ ही पूर्वांचल वीर सेना के जवानों ने कुणाल यादव को संगठन का कैप पहनाकर संगठन की सदस्यता दिलाई। इस बाबत उन्होंने अपने लम्बे कार्यकाल के यादों को साझा करते हुए भावुक हो उठे। विदित हो कि सेवानिवृत सैनिक कुनाल यादव 17 साल देश सेवा करने के बाद 30 अप्रैल को महाराष्ट्रा के नासिक तोपखाना सेंटर सेवानिवृत हो गए। उन्होंने विदेश में सैनिक अभ्यास में रहकर विशेष योगदान देने पर विदेश सेवा प्राप्त सम्मान से सम्मानित किया किए जा चुके हैं। इस अवसर पर फौजी सुबास यादव, विनोद यादव,जयहिंद यादव,संजय यादव,जयप्रकाश यादव,सागर यादव समेत भारी तादात में लोग मौजूद रहे,कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र यादव ने किया।

## चैंपियन मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने अपनी मुख्य टीम को बरकरार रखा




मुंबई। मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के लिए T20 मुंबई नीलामी का दिन बेहद अहम रहा। उन्होंने अपनी टीम में 10 नए खिलाड़ियों को शामिल किया, और एक ऐसी टीम बनाने का काम जारी रखा जो न सिर्फ. मुकाबला करने के लिए, बल्कि पूरी तरह से हावी होने के लिए तैयार हो। इस नीलामी में फ्रैंचाइजी का सबसे बड़ा निवेश चिन्मय सुतार के रूप में सामने आया, जिन्हें 9.5 लाख रुपये में खरीदा गया। यह दिखाता है कि वे अहम क्षेत्रों को ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से मजबूत करना चाहते हैं जो मैच पर गहरा असर डाल सकें। पिछले सीजन में, मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने T20 मुंबई का खिताब जीता था। आज, नीलामी की मेज पर, उन्होंने इस जीत को दोहराने की दिशा में अपने पहले कदम बढ़ाए। पिछले सीजन की चैंपियन टीम की रीढ़ रहे मुख्य खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखते हुए, मौजूदा चैंपियन ने एक ऐसी टीम तैयार की है जो पिछले सीजन की विरासत का सम्मान करती है, और साथ ही आने वाले सीजन में जीत की संभावनाओं को और भी ऊँचाई पर ले जाने का दम रखती है। सिद्धेश लाड, तुषार देशपांडे और रोहन राजे उन मुख्य खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टीम में बनाए रखा गया है। ये तीनों खिलाड़ी मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स की पहचान हैं, और इनके पास खिताब जीतने वाले अभियान का अनुभव और आत्मविश्वास मौजूद है। पिछले सीजन में कप्तान की भूमिका निभाने वाले लाड, मुश्किल हालात में टीम को संभालने वाले एक भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर जाने जाते हैं। वे मध्यक्रम में टीम को मजबूती देते हैं, और दबाव भरे पलों में भी पारी को संभालने की बेहतरीन क्षमता रखते हैं। फ्रैंचाइजी के 'आइकन प्लेयर' के तौर पर टीम में बनाए रखे गए देशपांडे, अपनी तेज गेंदबाजी, विकेट लेने की क्षमता और मैच के आखिरी ओवरों (डेथ ओवर्स) में गेंदबाजी करने की महारत के दम पर टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते रहेंगे। राजे टीम में एक बहुमूल्य 'ऑलराउंडर' के तौर पर अपना अनुभव जोड़ते हैं। वे शांत स्वभाव के साथ-साथ गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों ही क्षेत्रों में मैच का रुख बदलने वाला योगदान देने की क्षमता रखते हैं। खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) की रणनीति पर बात करते हुए, दानी ने कहा, ₹नीलामी के दौरान हमारा मुख्य मकसद उन कॉम्बिनेशन्स को और भी ज्यादा मजबूत बनाना था, जिन्होंने पिछले सीजन में मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।

## NCPA का मुद्रा डांस फेस्टिवल, 2026 युवा भारतीय शास्त्रीय नर्तकों को सामने लाता है



**मुंबई।** नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) का वार्षिक मुद्रा डांस फेस्टिवल, 2026 एडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. यह फेस्टिवल 16, 23 और 24 अप्रैल को एक्सपेरिमेंटल थिएटर में आयोजित किया गया. इसके साथ ही 20 और 22 अप्रैल को पहली बार इंटर-स्कूल नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के आसपास प्रस्तुत किया जाने वाला 'मुद्रा' फेस्टिवल, अपनी सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और विचारोत्तेजक थीम जैसे कि आहार्य, मातृत्व, रंग, अपराजिता और हास्य की खोज के लिए प्रसिद्ध है, इसमें जाने-माने नर्तक अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

इस वर्ष 'चिल्ड्रन्स एडिशन' के तहत इस फेस्टिवल ने युवा कलाकारों, शिक्षकों और नृत्य संस्थानों का सम्मान किया, जिससे भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के भविष्य के कर्णधारों पर प्रकाश डाला जा सके. इस साल 'अर्ली स्टेज लर्निंग' (शुरूआती चरण की सीख) की थीम पर केंद्रित इस फेस्टिवल ने युवा नर्तकों को सबसे आगे रखा और उन्हें अपने प्रशिक्षण व अनुशासन को प्रस्तुत करने के लिए एक औपचारिक मंच प्रदान किया।

तीन शामों में हुए प्रदर्शनों में प्रमुख नृत्य संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया, जो शास्त्रीय शिक्षण की कठोरता और शहर भर में विकसित हो रही विभिन्न नृत्य शैलियों की विविधता, दोनों को दर्शाते हैं।

फेस्टिवल की सफलता पर बात करते हुए एनसीपीए के डांस डिपार्टमेंट की हेड, डॉ. स्वप्नोकल्पा दासगुप्ता ने कहा कि इतने कम उम्र के डांसरों को शास्त्रीय कला रूपों को अनुशासन और जिज्ञासा, दोनों के साथ अपनाते देखना सचमुच बहुत सुकून देने वाला अनुभव था. हमने सभी विजेताओं को दिल से बधाई दी और साथ ही उन सभी माता-पिता तथा डांस टीचरों की भी उतनी ही सराहना की, जिन्होंने मंच पर पूरी ईमानदारी और लगन दिखाई. इससे यह बात फिर से साबित हो गई कि ये परंपराए सिर्फ संजोकर नहीं रखी जा रही हैं, बल्कि उन्हें सही मायनों में अगली पीढ़ी को सौंपा जा रहा है।

## वनप्लस ने स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 के साथ वनप्लस पैड 4 पेश किया




मुंबई। ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, वनप्लस ने आज वनप्लस पैड 4 पेश किया है। यह लेटेस्ट फ्लैगशिप टेबलेट असीमित प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और मनोरंजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्लेटफॉर्म के साथ 33.53 सेमी (31.2 इंच) का 3.4के डिस्प्ले, 13,380 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी और फ्लैगशिप प्रोडक्टिविटी टूल्स दिए गए हैं, जिनकी मदद से स्लीक और पोर्टेबल वनप्लस पैड 4 बिल्कुल कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस प्रदान करता है। वनप्लस पैड 4 को प्रोफेशनल्स, क्रिएटर्स और मल्टीटास्कर्स के लिए बनाया गया है। इसमें सबसे बेहतर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुभव दिए गए हैं, जिनमें 11हट्र्ज का रिफ्रेश रेट, आठ स्पीकर का शानदार स्पैशियल ऑडियो सेटअप, 80 वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग और लगातार स्मूथ परफॉर्मेंस के लिए एडवांस्ड कूलिंग शामिल है। वनप्लस पैड 4 का मूल्य 54,999 रुपये से शुरू होता है, जो कई बैंक ऑफरों के साथ मिलेगा। इसकी सेल 5 मई, 2026 से शुरू होगी।

वनप्लस पैड 4 में स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्रोसेसर लगा है, जो 12जीबी एलपीडीडीआर5एक्स रैम और 512जीबी तक के यू.एफ.एस 4.1 स्टोरेज के साथ मुश्किल से मुश्किल टास्क के लिए भी बहुत ही तेज, रिस्पॉन्सिव परफॉर्मेंस प्रदान करता है। यह आज तक की सबसे शक्तिशाली वनप्लस टेबलेट है, जिसका एंटुटू बेंचमार्क स्कोर 4.1 मिलियन तक है और यह वनप्लस की पिछली टेबलेट के मुकाबले 42 प्रतिशत बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है।

वनप्लस पैड 4 में पीक आउटपुट बनाए रखने के लिए 40,760 मिमी2 के वेपर चैंबर और अपग्रेडेड ग्रेफाईट लेयर्स के साथ क्रायो-वैलोसिटी कूलिंग सिस्टम दिया गया है, जो गेमिंग, वीडियो एडिटिंग और लंबे समय तक मल्टीटास्किंग के लिए प्रभावशाली हीट डिसीपेशन करने में सक्षम है।

वनप्लस पैड 4 में 33.53 सेमी (13.2 इंच) का 3.4के अल्ट्रा-क्लियर डिस्प्ले है, जो 315 पीपीआई, डॉल्बी विजन, 12-बिट कलर डेप्थ, प्रोफेशनल ग्रेड की कलर एक्युरेसी और 1000 निट्स तक की एच.बी.एम ब्राईटनेस के साथ बहुत ही जीवंत विज्युअल प्रदान करता है। इसके 144 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट और 540 हट्र्ज तक के टच सैंपलिंग रेट के साथ बहुत फ्लुइड स्क्रॉलिंग और अत्यधिक रिस्पॉन्सिव इंटरैक्शन प्राप्त होते हैं, वहीं 7:5 रीडफिट अनुपात और 89.4 प्रतिशत का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात प्रोडक्टिविटी और रीडिंग के कम्फर्ट को बढ़ाता है।

## राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा ने नई राजनीतिक पार्टी के रूप में किया चुनावी आगाज



**लखनऊ ।** 2 मई 2026 को लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में देश के लगभग 40 संगठनों ने मिलकर एक नए राजनीतिक मोर्चे राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा का गठन किया। यह मोर्चा स्वयं को देश की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। मोर्चा का लक्ष्य आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और 2029 लोकसभा चुनाव में वर्तमान प्रमुख गठबंधनों–INDI गठबंधन और NDA-को चुनौती देना है। इस नए मोर्चे का मुख्य फोकस देश में व्याप्त सामाजिक समस्याओं, विशेषकर जाति व्यवस्था को समाप्त करने, तथा सनातन धर्म और गौ संरक्षण के मुद्दों पर कार्य करना बताया गया है। इस पहल में कई प्रमुख व्यक्तित्व शामिल रहे, जिनमें सीनियर एडवोकेट अनिल मिश्रा, पूर्व न्यायाधीश सी.बी. पांडेय, अशोक तिवारी, रवि अवस्थी, एच.एन. पांडेय, सूरज पाल सिंह अम्मू, पूर्व IPS जुगल किशोर तिवारी और एडवोकेट पंकज त्रिपाठी सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह मोर्चा संगठित और मजबूत रूप लेता है, तो 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में नए राजनीतिक समीकरण उभर सकते हैं। तीसरे मोर्चे के तहत संयुक्त प्रत्याशी उतारने की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस पहल की सफलता संगठन की मजबूती, नेतृत्व की स्वीकार्यता और जमीनी पकड़ पर निर्भर करेगी। फिलहाल, इस नए मोर्चे की एंट्री ने प्रदेश की राजनीति में हलचल जरूर पैदा कर दी है। इस संबंध में जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अशोक तिवारी द्वारा दी गई।

## सोनभद्र लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने कसी कमर



### पत्रकारों का सम्मान और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता– जिलाध्यक्ष संतोष साहनी

**सोनभद्र ( उत्तरशक्ति )।** जनपद सोनभद्र के ओबरा स्थित जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष साहनी ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की रूपरेखा तैयार करना और उसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष साहनी ने कहा कि लखनऊ में होने वाला यह राष्ट्रीय अधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पत्रकारिता जगत और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि सोनभद्र की टीम लखनऊ की धरती पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगी। परिषद का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े पत्रकार को सुरक्षा और सम्मान दिलाना है। हम लखनऊ अधिवेशन के माध्यम से सरकार और प्रशासन तक पत्रकारों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से पहुँचाएंगे। बैठक में जनपद की पूरी टीम के साथ विस्तार से चर्चा की गई कि सोनभद्र से भारी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य लखनऊ कैसे पहुंचेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया सदस्यों के लखनऊ जाने के लिए परिवहन के साधनों और वहां रुकने-ठहरने की व्यवस्था पर विस्तृत योजना बनाई गई। जिलाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सोनभद्र की टीम एक अनुशासित इकाई के रूप में अधिवेशन में शिरकत करे। अधिवेशन में देश की कई नामचीन हस्तियां, वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, जो पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा पर मंथन करेंगे। बैठक के दौरान सोनभद्र टीम के सदस्यों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने अंत में विश्वास जताया कि इस समागम से संगठन को एक नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी अमरदीप सिंह, अजीत सिंह, घनश्याम, कुंम्धन चौधरी, विकास हलचल, अरविंद कुशवाहा, विजय साहनी, दिलीप दत्ता, कैलाश बिहारी सहित विभिन्न तहसीलों के अध्यक्ष और सक्रिय सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता का निधन, व्यापार जगत में शोक

**पटना(उत्तरशक्ति)।** देश की प्रमुख होजरी एवं परिधान कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस दीनदयाल गुप्ता के निधन पर व्यापारिक और उद्योग जगत में शोक व्यक्त किया गया है। उनका कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। दीनदयाल गुप्ता भारतीय होजरी उद्योग के प्रमुख स्तंभ माने जाते थे। उन्होंने वर्ष 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की स्थापना की थी। उनके नेतृत्व में कंपनी ने छोटे स्तर से शुरूआत कर देश की अग्रणी होजरी कंपनियों में स्थान बनाया। आज कंपनी ?1700 करोड़ से अधिक कारोबार वाले बड़े समूह के रूप में स्थापित है। पटना के कपड़ा व्यवसायियों ने कहा कि दीनदयाल गुप्ता जैसे उद्योगपति नई पीढ़ी के उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत थे। सीमित संसाधनों से व्यापार शुरू कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण है। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गांव में जन्मे श्री गुप्ता ने वर्ष 1962 में कोलकाता जाकर कारोबार की शुरूआत की थी। बाद में उन्होंने अपने अथक प्रयासों से कंपनी को देशभर में स्थापित किया। बिहार सहित पूर्वी भारत के बाजारों में डॉलर ब्रांड की मजबूत पहचान बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। व्यापार के साथ-साथ वे शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर उन्होंने जनसेवा के कार्यों में योगदान दिया। व्यापारिक संगठनों ने उनके निधन को उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उनके परिवार में पत्नी, चार पुत्र और पोते-पोतियां हैं, जो वर्तमान में कंपनी के कारोबार का संचालन कर रहे हैं।

## बदलापुर में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण को मिली रफ्तार, विधायक व डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** बदलापुर क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बदलापुर के विधायक रमेशचंद्र मिश्रा एवं जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। तहसील बदलापुर के महाराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत अंगराह में प्रस्तावित इस विद्यालय का निर्माण कार्य यूपीपीसीएल द्वारा कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भूमि से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान करते हुए कार्य में आ रही बाधाओं को दूर किया। विधायक एवं जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विद्यालय का डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) शीघ्र तैयार किया जाए और निर्माण कार्य को जल्द शुरू कर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी योगिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, तहसीलदार योगेंद्र पांडेय समेत यूपीपीसीएल के एई, जेई और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।






## श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा प्रमोद मिश्रा का स्वागत किया गया



मुंबई। श्री रामलीला उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल रिंकू के संयोजन में रविवार को अमृतनगर, घाटकोपर वेस्ट में भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के नवनियुक्त मुंबई प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल रिंकू द्वारा उन्हें शाल, पुष्पगुच्छ एवं संकल्प पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया। पत्रकार आदेश मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर प्रमोद मिश्रा ने समिति के पूर्व अध्यक्ष, लोकप्रिय समाजसेवी एवं समाज के पुरोधा स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल के कार्यों को याद करते हुए भावुकता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि स्व. शुक्ल द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 1287 कन्याओं का कन्यादान, कंबल वितरण, चश्मा वितरण, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल प्रदान करने सहित अनेक सामाजिक कार्य किए गए, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में रामबिलास पाठक, दिवाकर मिश्रा, दलजीत पांडेय, सर्वदेव पांडेय, देवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज सिंह, रत्नेश शुक्ल, अरविंद शुक्ल, के.के. पांडेय, अवधेश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, घनश्याम पाठक, संदीप दुबे, नीरज शुक्ला, प्रशांत चंद्रशेखर शुक्ल, राजेश पांडेय सहित समिति के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल रिंकू ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया

## शादी से पहले मातमः कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जनपद में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव के पास टेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार सुजानगंज थाना क्षेत्र के चेती शंकरगंज निवासी अरविंद निषाद (29) अपनी अपाचे बाइक से अपनी ही शादी का कार्ड बांटकर वापस घर लौट रहे थे। शाम करीब 5 बजे त्रिलोचन महादेव के समीप तेज रफ्तार टेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अरविंद निषाद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे मुनीर निषाद (20) को हल्की चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराया गया। बताया जा रहा है कि अरविंद की शादी 13 मई को होनी थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और जहां शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

सूचना पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद टेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

## समरस फाउंडेशन कार्यालय में कृष्णकुमार यादव का सेवानिवृत्ति सम्मान




मुंबई। महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा आज बोरीवली पूर्व स्थित कार्यालय में मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग के कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक कृष्णकुमार यादव का सेवानिवृत्ति सम्मान किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने शॉल और अभिनंदन पत्र देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व उप शिक्षणाधिकारी अशोक मिश्रा, संस्था के महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित पांडे, अनिल धोबी, भोला वर्मा, मुनीराम तिवारी, संदीप पांडे तथा रामप्रसाद कुर्मी उपस्थित रहे।

## ठाणे सेंट्रल जेल में 178वां शहीद स्मृति दिवस आयोजित, डॉ. सावरा हुए शामिल



ठाणे। ठाणे सेंट्रल जेल में आज महाराष्ट्र सरकार के ट्राइबल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट द्वारा प्रारंभिक क्रांतिकारी रायाजी भांगरे के 178वें शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पालघर जिले के सांसद डॉ सावरा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने उपस्थिति दर्ज कर शहीद रायाजी भांगरे को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रायाजी भांगरे की अद्वितीय वीरता और बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रेरित होकर समाज की प्रगति के लिए और अधिक निष्ठा व जिम्मेदारी से कार्य करने का संकल्प और मजबूत हुआ है।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के ट्राइबल डेवलपमेंट मंत्री अशोक उइके, इतिहासकार डॉ. विलास गवारे, ठाणे शहर के विधायक संजय केलकर, डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल, ठाणे जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, ग्रुप लीडर मुकेश मोकाशी तथा कॉर्पोरेटर कमल चौधरी सहित विभिन्न ट्राइबल सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद रायाजी भांगरे के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वाक्य पुनरावृत्ति प्रतियोगिता का हुआ आयोजन,विजेताओ को मिला सम्मान



केड(उत्तरशक्ति)। श्री केडिया राउमा विद्यालय में शुक्रवार को वाक्य पुनरावृत्ति प्रतियोगिता व स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी बुद्धि का परिचय दिया और अनुप्रास छंद के वाक्य सही बोलकर विजेता बने। इसके अलावा स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भी विद्यार्थियों द्वारा पार्टिसिपेट किया गया। आयोजित हुई दोनों प्रतियोगिता में विजय हुए विद्यार्थियों को इस अनूठे कार्यक्रम के संयोजक रहे डॉ राजेंद्र कुमावत द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुप्रास छंद का महत्व बताते हुए डॉ कुमावत ने कहा इसमें एक ही अक्षर या ध्वनि बार-बार आती है जिससे वाक्य मधुर मनमोहक और यादगार बन जाते हैं। यह केवल एक भाषा अलंकार ही नहीं अपितु बच्चों के लिए सीखने का एक आनंददायक माध्यम भी है। अनुप्रास वाक्य को बोलते समय बच्चों का उच्चारण सुधरता है, दिमाग का एलाइनमेंट सही दिशा में आता है, शब्दों पर पकड़ मजबूत होती है और बोलने से आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके अतिरिक्त उनकी समझ शक्ति भी विकसित करता है। आज के डिजिटल युग में जहां बच्चे मोबाइल और स्क्रीन की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं, वहां ऐसे रचनात्मक प्रयोग उन्हें भाषा से जोड़ने का एक सुंदर तरीका है। अनुप्रास छंद बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर देता है, वह हंसते हैं, बोलते हैं, गलती करते हैं और फिर सुधार करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हर बच्चा अपनी गति से सीखता है, कोई जल्दी बोलता है कोई थोड़ा समय लेता है लेकिन इस दौरान किया प्रयास हर एक का ही सराहनीय होता है। उन्होंने कहा विद्यालयों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन केवल मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है यह न केवल उनकी भाषा दक्षता बढाता है बल्कि मंच पर बोलने का साहस भी देता है।

आयोजित हुई प्रतियोगिता में विजय हुए विद्यार्थियों में चंचल, वसुंधरा, साक्षी, जयंत, राजकुमार आदि रहे तथा दो बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनीलकुमार जांगिड़, सुरेश कुमार, उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार यादव, व्याख्याता धर्मपाल, कविता कुमारी, किरण, श्रीमती मंजू कुमारी हनुमान नेहरा, श्रीमती मुकेश कुमारी, सिकंदर, धर्मवीर, पुरुषोत्तम शर्मा, विनोद कुमार, मगन सिंह, रजनीश कुमार,अमित कुमार, मुखराम, प्रेमाराम, श्रीमती सुमन, कृष्ण कुमार, रितु कुमारी, कृष्ण कुमारी, नरेश कुमार, सतपाल, सुरेंद्र मीणा अनिल कुमार सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से डॉ राजेंद्र कुमावत व पंचकर्म हॉस्पिटल के डॉक्टर विनोद कुमार सैनी का सम्मान किया। शिक्षाप्रद इस शानदार प्रोग्राम के लिए उनका आभार भी जताया।

## हरेंद्र यादव का सेवा संपूर्ति समारोह संपन्न



मुंबई। वडाला(पूर्व) स्थित बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा संचालित प्राचार्य वामनराव महाडिक मनपा हिंदी विद्यालय के प्रधानाचार्य हरेन्द्र सहदेव यादव का सेवा संपूर्ति समारोह विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनका एवं उनकी जीवन संगिनी चंद्रावती यादव का शाल, पुष्प गुच्छ एवं भेट वस्तु देकर सत्कार किया गया। प्रधानाचार्य श्री यादव 28 वर्ष की सेवा के पश्चात सेवा निवृत हो रहे हैं। वे उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद स्थित दरियावगंज के मूल निवासी हैं ।उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव से हुई । पूर्वांचल के सुविख्यात तिलकधारी महाविद्यालय से उन्होंने स्नातक , स्नातकोत्तर और बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की। विभाग निरिक्षिका पूजा पाटील, प्रधानाचार्य उग्रसेन सिंह एवं वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र दहिबले ने विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य का यादगार स्वागत किया। प्रधानाचार्य उग्रसेन सिंह ,श्रीम पद्मजा, श्रीम जया भटकर ने श्री यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह का सूत्र संचालन हरगोविंद चौधरी एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र दहिबले ने किया।

## विरार में स्वामीनारायण मंदिर का भव्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न



वसई रोड। राजन नाईक ने विरार वेस्ट स्थित स्वामीनारायण मंदिर विरार में आयोजित एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर दर्शन किए। यह कार्यक्रम बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था की ओर से आयोजित किया गया, जो भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों और कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। दादर मंदिर के कोठारी अभयस्वरूप स्वामी ने आध्यात्मिक विचारों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा विरार मंदिर से जुड़े कुलदीप राणा और कमलेश अभानी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष और बोईसर विधानसभा प्रमुख महेंद्र पाटिल, जिला महासचिव कपिल म्हात्रे, मंडल अध्यक्ष विशाल राउत, नगरसेवक गौरव राउत, मेहुल शाह, रवि पुरोहित, जितेश राउत, नगरसेवक श्रीमती सान्वी येडे और रीना वाघ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। वक्ताओं ने बताया कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। यह आयोजन विरार क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सामुदायिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ।

## हैदरपुर में अकीदत के साथ आयोजित हुई मजलिस-ए-तरहीम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। ज़िले के मोहल्ला हैदरपुर में 3 मई 2026, रविवार को एक अहम और भावुक मजलिस-ए-तरहीम का आयोजन किया गया। यह मजलिस मरहूम आल-ए-हसन खान इब्ने अली अहमद खान मरहूम और मरहूमा अनसरी बेगम बिनते इब्राहीम हुसैन की याद में रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मजलिस का आयोजन सोगवारान जनाब वसीम हैदर (पप्पू) और जनाब शाहनवाज हुसैन (भुट्टो) करबलायी द्वारा अपने वालिदैन की याद में किया गया। कार्यक्रम इमामबारगाह हैदरपुर, सदर जौनपुर में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जहाँ मोहल्ले और आस-पास के इलाकों से लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पेशख्वानी जनाब जमीर जौनपुरी, जनाब आकिल हैदरपुरी और जनाब अरसल रजा हैदरपुरी ने की, जबकि मजलिस की निजामत जनाब जफर अब्बास साहब ने संभाली। वहीं सोजख्वानी जनाब इबाद अली साहब व उनके हमनवा ने की। उनकी बेहतरीन पेशकश और सलीकेदार संचालन ने मजलिस के माहौल को और भी असरदार बना दिया। मजलिस को खिताब फरमाते हुए अली जनाब मौलाना मेराज हैदर खान साहब कि बला ने अपनी तकरीर में मौला अली (अ.स.) और औलाद-ए-अली की शान को बयान किया। उन्होंने इंसानियत, सब्र और दीन की राह पर चलने की अहमियत पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने ईरान की फतह और सैयद अली खामेनई साहब की शख्सियत पर भी रोशनी डालते हुए उनके नेतृत्व और हिम्मत की सराहना की। इसके अलावा नौहाख्वानी जौनपुर की मशहूर व मारूफ अंजुमन, अंजुमन-ए-जाफरिया (रजिस्टर्ड टांड़तला) ने बेहतरीन अंदाज में पेश की, जिसने मजलिस के माहौल को गमगीन और रूहानी बना दिया। मजलिस के दौरान लोगों ने खामोशी और अदब के साथ हिस्सा लिया और मरहूमीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। कार्यक्रम के आखिर में नजर-ए-मौला का एहतमाम किया गया, जिसमें सभी मोमिनीन ने शिरकत कर सवाब हासिल किया। मोहल्ला हैदरपुर में आयोजित इस मजलिस-ए-तरहीम ने न सिर्फ मरहूमीन की याद को ताजा किया, बल्कि लोगों के दिलों में इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम भी पहुंचाया। मजलिस में मोहल्ला हैदरपुर के जनाब जावेद साहब, जनाब रजा साहब, जनाब शुजात अली साहब, जनाब शमीम साहब, जनाब आजम साहब, जनाब आकिल साहब, जनाब शब्लू साहब, जनाब मोज़िज हसन साहब के साथ-साथ अन्य गांवों से आए लोगों की भी खास मौजूदगी रही।

## जौनपुर के अनवर पब्लिक स्कूल ने जीता 'Education Excellence Award' जिले का बढ़ाया मान



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शिक्षा जगत में जौनपुर के लिए गर्व की बड़ी खबर सामने आई है। प्रतिष्ठित 'Education Excellence Award' में अनवर पब्लिक स्कूल को सत्र 2025-26 के लिए सम्मानित किया गया। यह अवार्ड नई दिल्ली स्थित Hyatt Centric Janakpuri' में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जिसमें देशभर के नामी शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चित्रांगना सिंह ने विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सोहराब सिद्दीकी को सम्मानित किया। यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसके समर्पण को दशार्ती है। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न संस्थानों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। अनवर पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि से जौनपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के उप संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद से बातचीत में विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सम्मान छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और प्रबंधन के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया। अनवर पब्लिक स्कूल की यह सफलता न सिर्फ जौनपुर, बल्कि पूरे पूर्वांचल के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

# ओडिसी इलेक्ट्रिक की सालाना बिक्री अप्रैल में तीन गुना बढ़कर 965 यूनिट पहुंची



मुंबई। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रीमियम इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निमार्ताओं में से एक, ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने आज अप्रैल 2026 में 965 यूनिट्स की बिक्री होने की घोषणा की। कंपनी ने अपनी मजबूत विकास गति को बनाए रखा है, और अप्रैल 2025 (223 यूनिट्स) की तुलना में लगभग 333% की महत्वपूर्ण वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, ओडिसी इलेक्ट्रिक के सीईओ, नेमिन वोरा ने कहाः मार्च में देखी गई मजबूत विकास गति अप्रैल में भी जारी रही है, जो हमारे शानदार वार्षिक प्रदर्शन में झलकती है। यह वृद्धि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बढ़ते उपभोक्ता विश्वास और प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति विस्तार करने के हमारे निरंतर प्रयासों को दिखाती है। बढ़ती पर्यावरणीय जागरूकता और अनुकूल बाजार स्थितियों के साथ, हम भारत में ईवी को तेजी से अपनाने का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भविष्य में, हमारा ध्यान अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत करने, उत्पाद नवाचार बढ़ाने और ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित रहेगा। ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स का एक विविध और निरंतर विकसित होने वाला पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो शहरी यात्रियों और परफॉरमेंस चाहने वाले राइडर्स दोनों की जरूरतों को पूरा करता है। कंपनी के लाइनअप में हाई-फाई, रेसर, नियो, सन और ट्रॉट 2.0 जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं, जो दैनिक आवागमन, लास्ट-मील कनेक्टिविटी और डिलीवरी के लिए डिजाइन किए गए लो-स्पीड और हाई-स्पीड दोनों सेगमेंट में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ओडिसी ने इवोकिस और वेडर जैसी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के साथ प्रीमियम सेगमेंट में अपनी मौजूदगी मजबूत की है, जो उच्च प्रदर्शन और लंबी रेंज की तलाश करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। विभिन्न मूल्य श्रेणियों, बैटरी कॉनफिगरेशन और बैटरी-स्वैपिंग तकनीक जैसे लचीले विकल्पों के साथ, कंपनी शहरी और अर्ध-शहरी बाजारों में बी2सी और बी2बी दोनों सेगमेंट की विविध मोबिलिटी जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर रही है। ओडिसी इलेक्ट्रिक ने इंडोफास्ट एनर्जी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और सन मोबिलिटी का संयुक्त उद्यम है। इस सहयोग का उद्देश्य कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में उन्नत बैटरी-स्वैपिंग तकनीक को शामिल करना है, जिसकी शुरूआत स्नैप इलेक्ट्रिक स्कूटर से की जा रही है। यह पहल बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल को सक्षम बनाती है, जिससे वाहन की शुरूआती लागत कम होती है, साथ ही रेंज की चिंता और लंबे चार्जिंग समय जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान मिलता है।

## वसई में नगरसेविका अपर्णा पाटील के कार्यालय का उद्घाटन



वसई। वसई में जनसंपर्क को नई दिशा देने वाला एक अहम कदम सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी की वार्ड क्रमांक 23 की नगरसेविका अपरणा पाटिल के पब्लिक रिलेशन ऑफिस का उद्घाटन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह कार्यालय कमल कुंज अपार्टमेंट, वसई वन टावर, अंबाडी रोड, वसई वेस्ट में स्थित है। इस कार्यालय का उद्घाटन वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित द्वारा किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना और उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। स्थानीय लोगों से संवाद बढ़ाकर विकास कार्यों को गति देने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। कार्यक्रम में नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन अप्पा नाइक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, नगरसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता जैसे अशोक शेलके, बिजेंद्र कुमार, जोगेंद्र प्रसाद चौबे, निम्मी निपुण दोशी, नीलेश चौधरी, जेपी सिंह, गणेश पाटिल, विशाल जाधव, स्मिता पाटिल, रितु चौबे, मैथ्यू कोलासो, उदय शेट्टी, प्रवीण गावड़े, अंशुमान ठाकुर, हर्षला गावड़े, छोटू आनंद और हरीश बेदी शामिल रहे। बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर जनसेवा को प्राथमिकता देने और क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया गया।

## किआ इंडिया की अप्रैल महीने में अब तक की सबसे बड़ी बिक्री




मुंबई। देश के प्रमुख मास-प्रीमियम वाहन निमार्ताओं में से एक, किआ इंडिया ने आज स्थापना के बाद से अप्रैल महीने के लिए अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री की घोषणा की, जिसमें 27,286 इकाइयों की थोक बिक्री हुई, जो अप्रैल 2025 में बेची गई 23,623 इकाइयों की तुलना में 16% की साल-दर-साल वृद्धि दशार्ती है। यह प्रदर्शन इसके उत्पाद पोर्टफोलियो में ग्राहकों की निरंतर मांग को दशार्ता है और भारतीय बाजार के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। वार्षिक आधार पर बात करें तो, किआ इंडिया ने पिछले साल की समान अवधि में 99,199 इकाइयों की तुलना में 13% की वृद्धि के साथ 111,611 इकाइयों की बिक्री दर्ज की। यह निरंतर वृद्धि फीचर से भरपूर, सुरक्षित और कनेक्टेड मोबिलिटी समाधानों के प्रति ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के साथ-साथ बेहतर ओनरशिप अनुभव के प्रति बढ़ते झुकाव को दशार्ती है। यह रुझान ग्राहकों की जरूरतों को सुनने और उन्हें अपने पोर्टफोलियो में सार्थक उत्पाद सुधारों में बदलने पर किआ इंडिया के निरंतर फोकस को भी दशार्ता है। इस प्रदर्शन के बारे में, किआ इंडिया के सेल्स एंड मार्केटिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, श्री अतुल सूद ने कहा, ञ्हमारा अब तक का सबसे बेहतरीन अप्रैल प्रदर्शन उस निरंतर वृद्धि पर आधारित है जिसे हमने पिछले कई महीनों में देखा है। इस गति का नेतृत्व नई किआ सेल्टोस कर रही है, जिसमें सोनेट और कैरेंस के साथ-साथ क्लैविस निरंतर सुधारों के माध्यम से प्रमुख सेगमेंट में हमारी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं। हमारे सर्विस नेटवर्क का विस्तार पहुंच में सुधार लाने और ग्राहकों को बेहतरीन ओनरशिप अनुभव प्रदान करने पर हमारे फोकस को और दशार्ता है।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व नई सेल्टोस ने किया, जो अपनी मजबूत बाजार स्वीकार्यता के साथ बिक्री की मात्रा को बनाए रखे हुए है। इसकी बोल्ड डिजाइन, उन्नत फीचर्स और बेंचमार्क स्थापित करने वाली 5-स्टार इठउअढ रेटिंग इसे आज तक भारत का सबसे अधिक स्कोर करने वाला आईसीई वाहन बनाती है और एक प्रीमियम फैमिली एसयूवी के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करती है। सेल्टोस और सोनेट दोनों ने विशेष रूप से महीने के दौरान 10,000 इकाइयों का आंकड़ा पार किया, जो प्रमुख सेगमेंट में मजबूत पकड़ को दशार्ता है। सोनेट कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनी हुई है, जो पेट्रोल और डीजल वेरिएंट में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों के माध्यम से 10 लाख रुपये से कम की शुरूआती कीमतों के साथ ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप पहुंच को बढ़ाती है। इसके साथ ही, कैरेंस लाइन-अप ने फैमिली मूवर स्पेस में किआ की स्थिति को मजबूत किया है, जिसमें क्लैविस (आईसीई और ईवी) अपने जीटी-लाइन और -लाइन ट्रिम्स, इलेक्ट्रिक और पैनोरमिक सनरूफ फीचर्स के साथ-साथ कैप्टन सीटों वाले 6-सीटर लेआउट के माध्यम से प्रीमियम आकर्षण लाती है। यह ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों को विकसित करने पर किआ के फोकस को दशार्ता है। वहीं, 2026 किआ सायरोस अपनी वैल्यू-आधारित, मास-प्रीमियम पोजिशनिंग, विशिष्ट एसयूवी अपील, व्यापक वेरिएंट विकल्प और डीजल एटी विकल्पों सहित ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन तक बेहतर पहुंच के साथ ब्रांड की समग्र पेशकश को सुदृढ़ करती है।

## वसई में श्रमजीवी संगठन का वार्षिक सम्मेलन आयोजित



**वसई**। तालुका के उसगांव डोंगरी स्थित लेजिस्लेटिव पार्लियामेंट में श्रमजीवी संगठन का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने संगठन के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि श्रमजीवी संगठन पिछले कई वर्षों से आम नागरिकों, आदिवासी समुदाय और मजदूर वर्ग के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। इस सम्मेलन में महाराष्ट्र सरकार की स्टेट लेवल ट्राइबल एरिया डेवलपमेंट रिव्यू कमेटी (मंत्रालयीन दर्जा) के चेयरमैन और श्रमजीवी संगठन के संस्थापक विवेक भाऊ पंडित, संगठन के अध्यक्ष रामभाऊ वारणा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। साथ ही, संगठन के मुद्दों को लेजिस्लेटिव असेंबली तक पहुंचाने के संकल्प को भी दोहराया गया।